अध्यापक मार्गदर्शिका

# प्रेरणा प्लस

**प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम**

(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

**हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल**

**2017-18**

सत्यमेव जयते
हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें







Pratham

# आमुख

प्रारम्भिक शिक्षा सफल शिक्षा व्यवस्था का मुख्य आधार है इसलिए इस क्षेत्र को मजबूत करना शिक्षा के सभी हितकारकों का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। वर्ष 2016-17 में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु प्राथमिक कक्षाओं में प्रेरणा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

वर्ष 2017-18 में प्राथमिक स्तर पर बच्चों के उपलब्धि स्तर को बढ़ाने के लिए **"प्रेरणा प्लस"** कार्यक्रम लागू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से पांचवीं के बच्चों के साथ हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषयों की दक्षताओं पर विशेष कार्य किया जायेगा।

**"प्रेरणा प्लस"** कार्यक्रम अभिनव शिक्षण तकनीकों को सीखने तथा उन्हें पाठ्यपुस्तक और कक्षा-कक्ष में होने वाले नियमित पठन-पाठन से जोड़ने में निहित है।

कार्यक्रम में इस वर्ष अंग्रेजी विषय को जोड़ा जा रहा है, जिससे बच्चों में इस विषय से सम्बन्धित सुनने, बोलने, पढ़ने, लिखने और समझने की दक्षताओं में अपेक्षित सुधार होगा।

मुझे विश्वास है कि सभी शिक्षक इस कार्यक्रम अपना सहयोग देंगे।

**ए. जे. वी. प्रसाद** *(भा.प्र.से.)*

अतिरिक्त प्रधान सचिव (शिक्षा)

हिमाचल प्रदेश सरकार

# प्राक्कथन

वर्ष 2016-17 में गतिविधि आधारित शिक्षा को आधार मानकर प्रेरणा कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के साथ हिंदी भाषा और गणित विषयों पर कार्य किया गया। इस अभियान की सफलता को देखते हुए वर्ष 2017-18 में राज्य के सभी प्राथमिक स्कूलों में **"प्रेरणा प्लस"** कार्यक्रम को अगली कड़ी के रूप में लागू किया जा रहा है, जिसमें पहली से पाँचवीं कक्षा के सभी बच्चों के साथ हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषयों पर गतिविधियों के माध्यम से आधारभूत तथा कक्षानुरूप कार्य किया जाएगा।

"प्रेरणा प्लस" के अंतर्गत अनुभवी अध्यापकों की सहायता से हिंदी, अंग्रेजी और गणित में पाठ्यपुस्तक आधारित मूलभूत तथा उच्चतर दक्षताओं पर सामग्री तैयार की गई है। इस वर्ष योजनानुसार अंग्रेजी विषय को भी जोड़ा गया है, जिसमें तैयार की गई अध्यापन सामग्री कक्षा-कक्ष में उपयोगी सिद्ध होगी।

यह मार्गदर्शिका शिक्षकों को बच्चों के अधिगम स्तर बढ़ाने हेतु की जाने वाली गतिविधियों को करने में सहायक होगी।

**मनमोहन शर्मा** *(हि.प्र.से.)*
निदेशक प्रारंभिक शिक्षा एवं
मिशन निदेशक (एस.एस.ए.)
हिमाचल प्रदेश

# प्राक्कथन

सर्व शिक्षा अभियान, हिमाचल प्रदेश ने प्राथमिक कक्षाओं में गुणात्मक शिक्षा को प्राप्त करने के उद्देश्य से वर्ष 2016-17 में प्रेरणा अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए वर्ष 2017-18 में "प्रेरणा प्लस" अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषयों की मूलभूत अवधारणाओं तथा विषयवार योग्यताओं को प्राप्त करने के योग्य बनाना है।

NCF-2005 में स्पष्ट है कि प्रत्येक बच्चा अपने आप में विशेष है। आवश्यकता उसकी प्रतिभा को पहचानने और निखारने की है। यह इस बात पर बल देता है कि विद्यालयों में अधिगम मात्र पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि शिक्षण अधिगम से संबंधित अनुभव बच्चे के वास्तविक जीवन के अनुभव में ही सन्निहित होने चाहिए। इसके लिए यह आवश्यक है कि हम शिक्षण की परम्परागत पध्दति में लाये आवश्यक बदलावों को नियमित शिक्षण से जोड़ें। स्पष्ट तौर पर यह जरूरी है कि हमारी विद्यालयी पध्दति ज्यादा लचीली, नवाचारयुक्त और बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने वाली होनी चाहिए।

"प्रेरणा प्लस" के अंतर्गत अनुभवी अध्यापकों की सहायता से हिंदी में पाठ्यपुस्तक तथा प्रदेश के स्थानीय सन्दर्भों को आधार बना कर सरल तथा रूचिपूर्ण कहानियों का संग्रह तैयार किया गया है। गणित में पाठ्यपुस्तक पर आधारित विषय की मूलभूत तथा उच्चतर दक्षताओं पर सामग्री तैयार की गई है। इस वर्ष कार्यक्रम में योजना के अनुसार अंग्रेजी विषय को भी जोड़ा गया है, जिसके तहत तैयार की गई सामग्री अध्यापक और बच्चे दोनों के लिए कक्षा-कक्ष में उपयोगी सिद्ध होगी।

अध्यापकों की सुविधा के लिए मार्गदर्शिका तैयार की गई है, जो विषयवार गतिविधियों को गहनता से समझने तथा प्रत्येक अधिगम स्तर के बच्चों के सीखने में आने वाली चुनौतियों को हल करने हेतु आपके लिए सहायक होगी।

मुझे विश्वास है कि अध्यापक "प्रेरणा प्लस" कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के साथ-साथ इसमें नवाचार को सम्मिलित में अग्रसर रहेंगे।

**घनश्याम चन्द** *(हि.प्र.से.)*
राज्य परियोजना निदेशक
एस.एस.ए./आर.एम.एस.ए.
हिमाचल प्रदेश

## विषय-वस्तु विवरण


| क्रम संख्या | विषय वस्तु |
|---|---|
| 1. | मुख्य निर्देश |
| 2. | पाठ्य-सामग्री विवरण |
| 3. | भाषा निर्देशिका (बेसिक) |
| 4. | भाषा निर्देशिका (एडवांस) |
| 5. | गणित निर्देशिका (बेसिक) |
| 6. | गणित निर्देशिका (एडवांस) |
| 7. | अंग्रेजी निर्देशिका |
| 8. | भाषा एवं गणित जांच प्रपत्र |
| 9. | कक्षा रिपोर्ट चार्ट |

## मुख्य निर्देश

1. सत्र 2017-18 में आयोजित **"प्रेरणा प्लस"** कार्यक्रम में हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषयों को सम्मिलित किया गया है।
2. इस कार्यक्रम की कार्य योजना मुख्यत:- दो बिन्दुओं पर आधारित है:-
   (क) हिन्दी, गणित और अंग्रेजी के आधारभूत कौशलों (Basic Skills) पर आधारित गतिविधियाँ।
   (ख) पाठ्यक्रम पर आधारित गतिविधियाँ।
   इन गतिविधियों का आधार उपरोक्त विषयों में बच्चों का अधिगम स्तर होगा।
3. प्रेरणा प्लस कार्यक्रम शीतकालीन विद्यालयों में जून से नवम्बर माह तक व ग्रीष्मकालीन विद्यालयों में जून से फरवरी तक चलना निर्धारित है।
4. प्रेरणा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले से एक अध्यापक प्रशिक्षण प्रभारी (Teacher Training Incharge) तथा हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों के लिए प्राथमिक केन्द्र विद्यालयों के अनुपात के अुनसार विषयवार शिक्षकों का क्षमता विकास (Capacity Building) किया जाएगा।
5. केन्द्र मुख्य शिक्षकों का 2 दिवसीय क्षमता विकास हिन्दी तथा गणित विषयों में प्रत्येक डाइट स्तर पर किया जाएगा और साथ ही प्रत्येक केन्द्र से एक अन्य अध्यापक का अंग्रेजी विषय पर 3 दिवसीय क्षमता विकास किया जाना सुनिश्चित है।
6. क्षमता विकास अध्यापकों की सुविधानुसार अवकाश वाले दिन भी किया जा सकता है ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।
7. चूँकि सभी अध्यापकों का कार्यक्रम सम्बन्धी अभिविन्यास (Orientation) किया जाना अपेक्षित है अतैव केन्द्र मुख्य शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि वे कार्यक्रम को चलाने के लिए स्त्रोत के तौर पर सभी अध्यापकों के साथ प्रेरणा प्लस से सम्बन्धित गतिविधियों एवं सामग्री पर विस्तृत चर्चा करें।
8. कार्यक्रम को प्रभावी व सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों का अभिविन्यास राज्य स्तर पर करते हुए अनुश्रवण (Monitoring) को सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके आधार पर प्रत्येक माह राज्यस्तरीय बैठकों में कार्यक्रम सम्बन्धी समीक्षा एवं योजना तैयार की जाएगी।
9. प्रेरणा प्लस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषा, गणित और अंग्रेजी की आधारभूत क्षमताओं के साथ-साथ कक्षा अनुरूप योग्यता प्राप्त करना भी है। अत: उपलब्धि स्तर देखने का मुख्य आधार summative assessment ही रहेगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की सफलता का स्वतन्त्र मूल्याकंन (Third party evaluation) भी करवाया जाएगा।
10. इस वर्ष प्रेरणा प्लस में तैयार की गई सामग्री आधारभूत कौशलों तथा पाठ्यपुस्तक आधारित गतिविधियों का मिश्रण है। अध्यापक, कार्यक्रम के प्रारम्भ में स्कूल स्तर पर बच्चों को स्तरानुसार समूह में निर्देशानुसार गतिविधियाँ करवाएंगे। पिछले वर्ष प्रेरणा के लिए प्रदान की गई सामग्री को इस वर्ष भी आवश्कतानुसार उपयोग में लायें।
11. प्रेरणा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के सभी विद्यालयों में हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषयों के आधारभूत कौशलों पर कक्षा पहली से पांचवीं के लिए कक्षा-कक्ष में निहित समय दिया जाना अपेक्षित है।
12. निश्चित समयावधि के लिए प्रत्येक विषयों में बच्चों के समूह बनाकर निदानात्मक शिक्षण दिया जाये तथा बच्चों के समूह अधिगम पर बल दिया जाए।
13. खंड स्तर पर सी.आर.सी.सी. मासिक बैठक में अपने-अपने संकुल की प्रगति एवं योजना पर चर्चा करें।
14. शैक्षणिक गतिविधियों की निरंतरता की जाँच हेतु, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति और समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
15. प्रत्येक विषय से सम्बन्धित उपलब्धि स्तर की चर्चा स्कूल प्रबन्धन समिति की मासिक बैठक में की जाए ताकि कार्यक्रम की निरंतरता व गुणवता को बढ़ाया जा सके।

## प्रेरणा प्लस पाठ्यसामग्री का विषयवार विवरण

| क्रमांक | विषय | अध्यापकों के लिए | मात्रा (Qty.) | बच्चों के लिए | मात्रा (Qty.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैन्युअल (कक्षा 1 से 5 के लिए) | अध्यापक मार्गदर्शिका | 1 सेट | | |
| 2 | हिन्दी | | | हिन्दी "हमारा हिमाचल" कहानी पुस्तिका कक्षा 3 से 5 (बेसिक स्तर (प्रारम्भिक, अक्षर और शब्द) के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 3 | गणित | | | गणित विजुअल कार्ड बुकलेट कक्षा 3 से 5 (एडवांस–मूलभूत संक्रियांए कर सकने वाले बच्चों के लिए) | समूहवार 1 |
| 4 | | | | शाब्दिक सवाल पुस्तिका कक्षा 3 से 5 (एडवांस–मूलभूत संक्रियांए कर सकने वाले बच्चों के लिए) | समूहवार 1 |
| 5 | | | | गणित वर्कशीट कक्षा 3 से 5 (एडवांस–मूलभूत संक्रियांए कर सकने वाले बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 6 | अंग्रेजी | | | अंग्रेजी पाठ्यपुस्तिका–1 (कक्षा 1 से 5 के सभी Beginner & Letter स्तर के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 7 | | | | अंग्रेजी पाठ्यपुस्तिका–2 (कक्षा 3 से 5 के सभी Word, Para, Sentence & above स्तर के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 8 | | | | रीडिंग कार्ड (कक्षा 3 से 5 के सभी Word, Para, Sentence & above स्तर के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 9 | | | | कक्षावार वर्कशीट (कक्षा 3 से 5 के सभी Word, Para, Sentence & above स्तर के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |
| 10 | | फ्लैश कार्ड | 2 सेट | | |
| | | | | *My Cursive Book* (कक्षा 1 से 5 के सभी स्तर के बच्चों के लिए) | प्रति छात्र 1 |

**उपरोक्त सामग्री का उपयोग बच्चों के स्तरानुसार किया जाएगा, जिसका निदान विषय जाँच प्रपत्रों के आधार पर किया जाए।**

भाषा निर्देशिका ( बेसिक )

# प्रेरणा प्लस

प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम
(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें









Pratham

# कक्षा संचालन

**समूह निर्माण:-**

कक्षा शुरू करने से पहले सभी बच्चों की जाँच करते हैं, जिसमें अलग-अलग स्तर के बच्चों का समूह बनता है। इसलिए इस पर ध्यान देने की ज़रूरत है कि उन बच्चों के साथ कक्षा का संचालन कैसे करें और किन-किन बातों का ध्यान रखें कि सभी बच्चों का सीखना सुनिश्चित हो सके। बच्चों के पढ़ने के स्तरानुसार उनका समूह बनाएँ और गतिविधि के अनुसार बड़े व छोटे समूहों में कार्य करें। कुछ गतिविधियाँ व्यक्तिगत तौर पर भी होंगी।

**समूह में सहभागिता:-**

समूह कार्य का मतलब सिर्फ़ यह नहीं है कि किसी कार्य को करने के लिए बच्चे छोटे-छोटे समूह में विभाजित हो जाएँ और कार्य को पूरा करें। समूह कार्य का उद्देश्य है कि बच्चे छोटे-छोटे समूह में, किसी विषय पर मिलकर चर्चा करें और आपसी सहयोग से उस कार्य को पूरा करें, जिसमें समूह के हर एक बच्चे की न केवल भागीदारी हो बल्कि उस विशेष कार्य के लिए वे ज़िम्मेदार भी हों और उनके कार्य भी निश्चित हों। अलग-अलग गतिविधियों में अलग-अलग बच्चों की ज़िम्मेदारी हो और इसका निर्णय भी वे खुद लें। अत: हमें देखना है कि समूह कार्य के दौरान:-

- सभी की सहभागिता हो और कार्यों का बँटवारा किया गया हो।
- समय-समय पर गतिविधि के अनुसार प्रत्येक की ज़िम्मेदारी बदल रही हो।
- सभी की बात सुनी जा रही हो। सभी को अपनी बात कहने का मौक़ा मिल रहा हो।

**1. बड़े समूह में कार्य:-** कुछ कार्य शिक्षक बड़े समूह में करें जैसे, कहानी सम्बंधित गतिविधियाँ (चित्र पर चर्चा, कहानी पढ़कर पढ़ना, कहानी सुनाना, कहानी पर चर्चा, प्रश्न बनाना और पूछना, अँगुली वाचन इत्यादि), बारहखड़ी (चार्ट वाचन, बीच-बीच से पढ़ना और पूछना), बड़े समूह में करेंगे ताकि बच्चों में सम्बंधित बिंदु पर समझ बन सके।

**2. छोटे समूह में कार्य :-** जो कार्य बड़े समूह में किए गए हैं उस कार्य का अभ्यास बच्चों को छोटे-छोटे समूहों में करने के लिए कहें। समूह में कार्य के दौरान सभी बच्चों की भागीदारी हो।

**3. व्यक्तिगत कार्य:-** लेखन से जुड़े हुए कार्य कभी व्यक्तिगत व कभी सामूहिक रूप, दोनों तरीके से करवाएँ।

**ध्यान रखें:-**

- छोटे समूह में काम के दौरान शिक्षक सहायक के रूप में सहयोग करें।
- कक्षा में बच्चे बड़े, छोटे और व्यक्तिगत समूह में कार्य कर सकें इसकी आदत शुरू से डालें।
- अगर छोटे-छोटे समूहों में कार्य हो रहा हो तो सभी बच्चों की भागीदारी हो।
- कार्य/टास्क बच्चों के पढ़ने के स्तर को ध्यान में रखते हुए दिया गया हो।
- कोई भी गतिविधि लम्बे समय तक बड़े, छोटे या व्यक्तिगत तौर पर न हो।

## बेसिक लेवल ( प्रारंभिक, अक्षर, शब्द )

**लक्षित समूह :**

कक्षा 3-5 के उन बच्चों को शामिल करें जिनके पढ़ने का स्तर प्रारम्भिक, अक्षर व शब्द है।

**लक्ष्य**

हमारा लक्ष्य है कि कार्यक्रम के अंत तक बच्चे समझ के साथ किसी कहानी/पाठ को धाराप्रवाह पढ़ सकें, सहजता के साथ किसी विषय पर बोल सकें और अपनी सोच को लिखित रूप में व्यक्त कर सकें।

## रोज़ाना की जाने वाली गतिविधियाँ

| | |
|---|---|
| कहानी पढ़ना व उससे सम्बंधित गतिविधियाँ | गपशप, कहानी और कहानी पर चर्चा ( क्या, क्यों, कैसे आदि प्रश्न ) |
| बारहखड़ी | बारहखड़ी पढ़ना ( आड़ी, खड़ी, बीच-बीच में से ) |
| खेल | स्तर के अनुसार खेल |
| लेखन | कुछ भी सोचो, बोलो और लिखो |

**किसी भी गतिविधि में अत्यधिक समय देने से पढ़ने-पढ़ाने की प्रक्रिया में संतुलन नहीं हो पाता है, जिसका सीधा प्रभाव बच्चों के सीखने पर पड़ता है। इसलिए कक्षा की गतिविधियों में संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। साथ ही इतना कम समय भी न दें कि कुछ समझ में ही न आए।**

## बातचीत

**उद्देश्यः**

बच्चे अपने आसपास की चीज़ों के बारे में आत्मविश्वास के साथ किसी के समक्ष अपनी बातें रख सकें और अपने पूर्व ज्ञान के आधार पर उन बातों को एवं नई जानकारियों को जोड़ सकें।

**बच्चों के साथ कक्षा में रोज़ाना बातचीत करें। बातचीत की कुछ गतिविधियाँ नीचे दी गई हैं :**

**मुझे कुछ कहना है।**

शिक्षक किसी एक विषय पर बच्चों से बातचीत करना शुरू करें, जैसे- आज मैंने क्या खाया, आज बहुत गर्मी है, आज बारिश हो सकती है आदि। बच्चों को भी अपनी इस बातचीत में शामिल करें और उन्हें उस विषय पर अपने अनुभव बताने को कहें। इसी प्रकार शिक्षक प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय पर बातचीत करें। साथ ही

साथ, बच्चों को अपने माता-पिता, दादा-दादी भाई-बहन आदि से अलग-अलग विषयों पर बातचीत करके आने के लिए कहें।

**अपने मन से....**

बड़े समूह में, बच्चों से कहें कि पता है, ''**आज सुबह जब मैं सो कर उठी तो मेरा मन कर रहा था कि आज बारिश हो जाए और मैं बारिश में बहुत भीगूँ, नाचूँ और खेलूँ।**'' अब बच्चों से कहें कि आप भी अपने मन की कोई बात बताएँ, जैसे- कुछ भी देखा, सोचा या जो करना चाहते हैं आदि। बच्चों को पहले सोचने के लिए कहें। फिर उनसे पूछें।

इस प्रकार आप बच्चों को अलग-अलग विषय देकर बातचीत कर सकते हैं। बातचीत के बाद पाठ सम्बंधित गतिविधियाँ करें।

## कहानी पढ़ना

**बच्चों के पढ़ने का स्तर कुछ भी हो, उनके साथ कहानी से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करने से बच्चों में सुनने, समझने, बोलने, पढ़ने और लिखने की क्षमता का विकास होता है और उनका शब्द भंडार बढ़ता है।**

एक कहानी को कम से कम 2 दिन इस्तेमाल करें। **हर बच्चे के पास अपनी-अपनी कहानी की किताब हो।**

- कहानी पढ़ने से पहले कहानी के चित्रों व नाम पर चर्चा करें। बच्चों से इस तरह के प्रश्न पूछें- चित्रों में क्या दिख रहा है, कौन क्या कर रहा है, कहानी के चित्रों व नाम के अनुसार कहानी में क्या होगा आदि। (इससे बच्चों की कल्पना शक्ति व अनुमान लगाने की क्षमता का विकास होता है।)
- शिक्षक कहानी को स्पष्ट उच्चारण व आवाज़ के उतार-चढ़ाव के साथ पढ़कर सुनाएँ, ताकि बच्चों में 'आदर्श वाचन' की समझ बन पाए। **ध्यान दें कि बच्चे पीछे-पीछे न दोहराएँ।** (पीछे-पीछे दोहराने से वे कहानी को रट लेते हैं, पढ़ना नहीं सीखते।)
- कहानी पढ़ने के बाद शिक्षक कहानी पर आधारित- तथ्य, अनुमानिक, शब्द भंडार और राय देने वाले प्रश्न पूछें। कोशिश करें कि बच्चे ज़्यादा-से-ज़्यादा सोचकर जवाब दें। (जब किसी कहानी पर चर्चा होती है तब बच्चों में कहानी के प्रति रुचि बढ़ती है। इससे कहानी सुनकर समझने (***Listening Comprehension***) की क्षमता का पढ़कर समझने की क्षमता (***Reading Comprehension***) से सम्बंध होने लगता है)।

- बातचीत और हाव-भाव से कहानी पढ़ने के बाद शिक्षक कहानी के प्रत्येक शब्द पर अँगुली रखकर धीमी गति से पढ़ें। कहानी पढ़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि प्रत्येक बच्चे के पास कहानी की अपनी किताब हो और वे भी पाठ पर अँगुली चलाएँ। **बच्चे पीछे-पीछे न दोहराएँ।** (पाठ पर अँगुली चलाने से भाषा के लिखित रूप की समझ बनती है)।
- शिक्षक पढ़ाई गई कहानी को बच्चों को छोटे-छोटे समूह में वाचन करने के लिए कहें।
- शिक्षक प्रत्येक समूह से किसी एक बच्चे को पढ़ने के लिए कहें। इसके लिए **अब कौन पढ़ेगा?** या **मेरे जैसा कौन पढ़ेगा?** जैसे वाक्य का इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रतिदिन अलग-अलग बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें। पढ़ने के बाद बच्चों को शाबाशी ज़रूर दें। (शाबाशी मिलने पर बच्चे प्रेरित होते हैं और पढ़ने की कोशिश करते हैं।)
- बच्चों को कहानी में आए उनके मनपसंद शब्दों पर गोला लगाने या ढूँढने के लिए कहें। बच्चों से उन्हीं शब्दों को ब्लैक बोर्ड/ज़मीन पर लिखने के लिए कहें। (कुछ दिन बाद शिक्षक कहानी के कुछ शब्द या वाक्य बोलें, बच्चे उन वाक्यों को कहानी में ढूँढकर दिखाएँ।)

## कहानी पर चर्चा क्यों करें ?

चर्चा का मतलब केवल बच्चों से प्रश्नों के उत्तर पूछना नहीं है, बल्कि इसका मतलब यह है कि वे अपनी सोच को विषय/पाठ/कहानी से जोड़ पाएँ। जब किसी कहानी के विषय, चित्र या शीर्षक पर बच्चों से चर्चा करते हैं तो उनमें अनुमान लगाने की क्षमता विकसित होती है और कहानी के सन्दर्भ को समझने में आसानी होती है। यह क्षमता कहानी को धाराप्रवाह पढ़ने में सहायता प्रदान करती है।

## कहानी क्यों पढ़ें ?

बच्चों को पढ़ने की ओर आकर्षित करने के लिए कहानी पढ़कर सुनाना एक दिलचस्प तरीक़ा है। **प्रत्येक स्तर के बच्चों के लिए कहानियाँ हमेशा मददगार होती हैं।** इसलिए, इनका इस्तेमाल **हर स्तर** के बच्चों के साथ किया जाना चाहिए। कहानी सुनाने और पढ़ने के कई फ़ायदे हैं:

- कहानी के माध्यम से, बच्चा धीरे-धीरे यह समझता है कि 'पढ़ना' केवल पढ़ना ही नहीं, वास्तव में अर्थ समझना है। इससे 'पढ़कर समझने' की क्षमता का विकास होता है।
- बच्चा चाहे किसी भी स्तर का हो, कहानी पढ़ने से किताब से उसका परिचय तो होता ही है, साथ ही साथ लिखित भाषा के प्रारूप को समझने में भी उसे सहायता मिलती है।
- बच्चे में शब्दों को जल्दी-जल्दी पहचान कर पढ़ने की क्षमता के साथ-साथ शब्दों को तोड़-जोड़कर पढ़ पाने की क्षमता भी विकसित होना शुरू हो जाती है।

## Fluency की तरफ़

इस मैनुअल की शुरुआत में यह उल्लेख किया गया है कि डिकोडिंग का मतलब अक्षर/मात्राओं को मिलाकर शब्द पढ़ने की क्षमता ही समझ कर पढ़ना नहीं है। यानी सिर्फ़ धाराप्रवाह पढ़ लेने से ही समझ विकसित हो जाएगी, यह ज़रूरी नहीं है। यह कुछ हद तक सच है और यह सच्चाई का सिर्फ़ एक पहलू है। पढ़ते समय अगर कोई बच्चा किसी शब्द पर अटक जाता है तो उसे बहुत कम समय मिलता है, यह सोचने के लिए कि उसने अभी-अभी क्या पढ़ा था। इस तरह बच्चे में पढ़े गए पाठ के बारे में समझ नहीं बन पाती है।

इसलिए धाराप्रवाह पढ़ना बहुत ज़रूरी है। भारतीय भाषाओं और लिपियों के संदर्भ में यह और भी ज़रूरी हो जाता है, क्योंकि हमारी लिपियों में हम जैसा बोलते हैं वैसा ही लिखते हैं। यानी, हम जो उच्चारित करते हैं और जो लिखते हैं उनमें सम्बंध होता है।

अगर कोई स्वर-व्यंजनों को जोड़कर शब्द का निर्माण करता है और उन शब्दों को मिलाकर एक साथ एक ज़रूरी गति के साथ पढ़ता है तो उसमें बेहतर ढंग से पढ़कर समझने की क्षमता बढ़ती है।

# ध्वनि-चिन्ह सम्बंधित गतिविधि

शब्दों को तोड़ने व जोड़ने की गतिविधि कक्षा में रोज़ाना करवाएँ। इस गतिविधि को करने से बच्चों में स्वर-व्यंजन को मिलाकर उसकी ध्वनि को उच्चारित करने व उसको पहचानने व लिखने की समझ विकसित होती है। इसलिए बच्चों के साथ कक्षा में मौखिक व लिखित रूप से यह गतिविधि रोज़ाना करें, जैसे :

मौखिक -

**तोड़ना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पानी - | पा | | नी |
| रात - | रा | | त |
| धरती - | ध | र | ती |

**जोड़ना**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खि | ड़ | की | - | खिड़की |
| आ | वा | ज़ | - | आवाज़ |
| न | दी | | - | नदी |

लिखित -

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पा** | ल | - | पाल |
| **जा** | र | - | जार |
| **का** | र | - | कार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **नो** | क | - | नोक |
| **लो** | ग | - | लोग |
| **सो** | ना | - | सोना |

**नोट : इस प्रकार अलग-अलग मात्राओं और शब्दों के साथ यह गतिविधि करें।**

## बारहखड़ी से सम्बंधित गतिविधियाँ

- शिक्षक बड़े समूह में स्पष्ट उच्चारण के साथ बारहखड़ी की किसी भी दो, तीन लाइन (जो अक्षर कहानी सम्बंधित गतिविधि के दौरान लिया गया है) की प्रत्येक इकाई पर अँगुली रखते हुए पढ़कर सुनाएँ। बच्चे सिर्फ़ देखें और सुनें। **पीछे-पीछे दोहराएँ नहीं।**
- बारहखड़ी की इकाईयाँ पढ़ने के बाद, शिक्षक उन इकाईयों को पुनः पढ़कर सुनाएँ। इस बार बच्चे अपने-अपने बारहखड़ी कार्ड पर अँगुली चलाएँ।
- बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बारहखड़ी वाचन करने के लिए कहें।
- **'अब कौन पढ़ेगा?'** या **'मेरे जैसा कौन पढ़ेगा?'** ऐसा कहकर प्रतिदिन अलग-अलग (3-4) बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें और पढ़ने के बाद उन्हें शाबाशी भी दें। बारहखड़ी की पूरी लाइन पढ़वाने के बाद बच्चों से बीच-बीच में से ज़रूर पूछें, जैसे- **'च'** की लाइन में **'चा'** कहाँ है, **'ची'** कहाँ है, **'चे'** कहाँ है आदि।
- शिक्षक बारहखड़ी की अलग-अलग इकाई व शब्द बोलें और बच्चों को अपने-अपने बारहखड़ी कार्ड में ढूँढने के लिए कहें, जैसे - **रे, टी, कु, चालू, पानी** इत्यादि।
- बड़े या छोटे समूह में बच्चों को बारहखड़ी कार्ड दें और उन्हें बीच-बीच से बारहखड़ी की कोई भी इकाई बोलें, बच्चे अपने कार्ड में उसे ढूँढें, उस इकाई को ज़मीन/कॉपी/कागज़ पर लिखें और पढ़कर भी बताएँ। (कुछ दिनों बाद शिक्षक कुछ शब्द/चीज़ों व मिठाइयों के नाम बोलें। बच्चे बारहखड़ी में से ढूँढें, लिखें व पढ़ें।)।

**नोट : अगर बच्चों को बारहखड़ी की पूरी एक लाइन समझने में दिक़्क़त होती है तो एक ही अक्षर में अलग-अलग मात्राओं का प्रयोग करके उन्हें समझाया जा सकता है।**

## लेखन

कुछ लोगों का यह मानना है कि बच्चों में पहले पढ़ने की क्षमता का विकास होना चाहिए और फिर लिखने की क्षमता का। परन्तु जरा सोचिए क्या वास्तव में ऐसा होता है? अक्सर बच्चे घर में दीवारों पर पेंसिल से चित्र या टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें उकेरते हुए नज़र आते हैं। यह टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें वास्तव में उनकी सोच ही होती है। बच्चा जब कुछ पढ़ता, सुनता या देखता है तो उसे टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों के द्वारा अभिव्यक्त करता है। यही अभिव्यक्त आगे चलकर अर्थपूर्ण बन जाती है। इसलिए ज़रूरी है कि पढ़ने और लिखने के साथ-साथ उनकी सोच पर भी काम किया जाए ताकि बच्चों की लेखन क्षमता को बेहतर बनाया जा सके।

**बच्चों में लेखन क्षमता विकसित करने के कुछ तरीके :**

1. **आदर्श लेखन :** शिक्षिका किसी नए विषय पर बच्चों से बातचीत करें व उस विषय पर खुद लिखकर दिखाए। लेखन करते समय ध्यान रखें कि शिक्षिका ज़ोर से बोलें ताकि सब बच्चे बोली गई ध्वनि को सुन सकें फिर स्पष्ट रूप से लिखें। फिर थोड़ा रुक जाएँ बच्चों को सोचने के लिए कहें कि वह आगे क्या लिखने वाली हैं? शब्दों का सही उच्चारण करें और उन्हें सही करने के बाद उन्हें फिर से एक बार पढ़ें बच्चों को बताएं कि वह शब्द या अक्षर कैसे उच्चारित होता है।

2. **बातचीत करते हुए लिखना :** इस प्रक्रिया में कुछ भी लिखने से पहले बच्चे और शिक्षिका पहले बातचीत करते हैं फिर बातचीत पर आधारित सोच को लिखते हैं। इसमें शिक्षिका और बच्चे बहुत सहज होकर लेखन कार्य करते हैं। इसमें हर बच्चे की सोच का योगदान होता है। इसमें शिक्षिका वही लिखती है जो बच्चे सोचते हैं या बोलते हैं। लिखने के दौरान शिक्षिका उनकी गलतियाँ बता सकती हैं, जैसे - बच्चे ने एक शब्द बोला ''हाथी'' लेकिन शिक्षिका ने लिखा ''हाथ'' और जब शिक्षिका ने बच्चे से लिखा हुआ पढ़ने को कहा तो बच्चे ने पढ़ा ''हाथी'' उस समय शिक्षिका को यह बताना चाहिए कि लिखा क्या है।

3. **किसी की देखरेख में लिखना :** इस प्रक्रिया में बच्चे शिक्षिका की सहायता से लेखन का कार्य पूरा करते हैं। शिक्षिका उन पर नज़र रखती हैं और ज़रूरत पड़ने पर उनकी सहायता करती हैं।

4. **स्वयं लेखन :** इसमें बच्चे लिखने के लिए आज़ाद होते हैं। वे खुद ही विषय-वस्तु का चयन करते हैं, उनको लिखना क्या है, किस विषय पर लिखना है, यह भी खुद सोचते हैं। अपने लिखे हुए को पढ़कर अपनी ग़लतियाँ भी खुद निकालते हैं, फिर उसे सही भी खुद करते हैं। इन कार्यो में शिक्षक बच्चों की मदद करते हैं।

**प्रारम्भिक व अक्षर स्तर के बच्चों के साथ काम करते समय :**

**प्रारम्भिक स्तर** - जिस विषय पर बातचीत हुई है उसका चित्र बनाने के लिए कहें और उसके बारे में कुछ लिखने के लिए कहें। यदि बच्चा स्वयं नहीं लिख पाता है या ग़लत लिखता है तो शिक्षिका बच्चे से पूछें कि उसने क्या लिखा है? शिक्षक/सहायक स्वयं बच्चे को सही शब्द लिखकर बताएँ।

**अक्षर स्तर** - बातचीत के बाद बच्चों को उनके मन से कुछ लिखने के लिए कहें। यदि बच्चा लिखने में ग़लतियाँ करता है तो उसे बारहखड़ी की मदद से ठीक करवाएँ।

# कक्षा 1-2 (भाषा)

इस आयुवर्ग के बच्चे जब पहली बार स्कूल पहुँचते हैं तो पहली बार उनका औपचारिक शिक्षा से परिचय होना ज़रूरी होता है। नई-नई किताबें, कॉपी-पेंसिल और शिक्षक को लेकर वे बहुत उत्साहित रहते हैं। बच्चों की रूचि और उत्साह बनाये रखने के लिए ज़रूरी है कि शिक्षक उन्हें समझें, उनसे दोस्ती करें और उनकी रूचि का ख़्याल रखें। उन्हें बोलने, कुछ कहने, कविता-कहानी सुनाने और कुछ लिखने का मौक़ा दें। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएँ, उनसे रोल प्ले करवाएँ, जो कुछ भी वे करें या बोलें, उन्हें शाबाशी ज़रूर दें।

## मुख्य गतिविधियाँ

### कहानी सुनाना

- रोज़ाना एक कहानी हाव-भाव के साथ सुनाएँ।
- कविता/गीत सुनाएँ और बच्चों से भी सुनाने के लिए कहें।
- बच्चे कहानी को अपनी स्थानीय भाषा में भी सुना सकते हैं।
- बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे घर पर अपने माता-पिता या दादा-दादी से कहानी सुनकर आएँ और कक्षा में सुनाएं।

### कहानी पढ़कर सुनाना

- कहानी की किताब/पाठ्यपुस्तक की कहानी रोज़ाना कक्षा में बच्चों को हाव-भाव से पढ़कर सुनाएँ।
- बच्चे कहानी स्वयं पढ़ें और एक-दूसरे को सुनाएँ।
- बच्चे कहानी पढ़कर कक्षा में सुनाएँ। *बच्चे अक्सर अनुमान के सहारे कहानी पढ़कर सुनाते हैं। उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करें।*
- कहानी सुनाने के लिए हर रोज़ 4-5 बच्चों को मौक़ा दें।

### कितनी आवाज़ें हैं?

शिक्षक कोई एक शब्द बोलें। बच्चे उस शब्द को तोड़कर बोलें जैसे, 'पानी' को 'पा.... नी'। फिर पूछें सबसे पहले कौन सी आवाज़ है? इसी तरह शिक्षक कुछ शब्द बोलें, बच्चे अलग-अलग आवाज़ बताएँ और शब्द की पहली, दूसरी व आख़िरी आवाज़ बताएँ।

इसी प्रकार शिक्षक कुछ शब्द की अलग-अलग आवाज़ें बोलें और बच्चों को उन्हें जोड़कर बोलने के लिए कहें।

### कुछ भी बनाएँ एवं लिखें

बड़े समूह में, बच्चों से कहें, **'आज हम अपने मन से कुछ भी बनाएँगे और लिखेंगे।'** फिर प्रत्येक बच्चे को चॉक दें और कुछ भी बनाने व लिखने के लिए कहें। शुरुआत में बच्चे टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें भी खींचें तो उन्हें खींचने दें। जो बच्चे टेड़ी-मेढ़ी लकीरें खीचें उनसे यह ज़रूर पूछें **''आपने क्या बनाया है?''** उनके द्वारा बोले गए शब्दों/वाक्यों को स्वयं उनकी कॉपी पर बोलते हुए लिख दें। यदि कुछ बच्चे लिख सकते हैं तो उन्हें लिखने दें। उनके लिखने में ग़लती होने पर बच्चों की सहायता करें।

### रोल प्ले

- कक्षा में शामिल सभी बच्चों को छोटे-छोटे समूह में बाँटें और उन्हें पढ़ी या सुनी गई कहानी पर रोल प्ले करने को कहें।
- समूह में सभी बच्चे अपने-अपने पात्रों का चयन व संवाद पर चर्चा करें व अभ्यास करें।
- दिए गए विषय के अलावा बच्चे अपनी तरफ़ से भी संवाद जोड़ सकते हैं।
- रोल प्ले को रुचिकर बनाने के लिए पात्रानुसार वेश-भूषा व अन्य वस्तुओं का प्रयोग करें।

# प्रेरणा प्लस

प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम
(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

हिमाचल प्रदेश सरकार

Pratham

## समझ के साथ पढ़ना

किसी भी पाठ/कहानी को जल्दी और सही पढ़ना, पढ़कर समझने का एक चरण है।पाठ/कहानी पढ़कर समझने के लिए उस पाठ/कहानी को निजी ज़िंदगी और पूर्व अनुभवों से जोड़ना ज़रूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि लिखित भाषा को ही नहीं बल्कि उसके अर्थों को समझना 'पढ़ना' कहलाता है।

क्या हमारे विद्यालयों के प्रत्येक बच्चे के पढ़ने और सीखने का स्तर उसकी कक्षा के अनुसार है? अगर ऐसा नहीं है, तो सवाल यह पैदा होता है कि अगर उनका आधार ही कमज़ोर है तो वे अपनी कक्षा के अन्य विषयों को कैसे पढ़ पाएँगे और पढ़कर समझ पाएँगे? अत: ज़रूरत इस बात की है कि उनकी आधारभूत दक्षता को बढ़ाने के लिए कुछ विशेष गतिविधियाँ लगातार की जाएँ ताकि वे किसी भी पाठ/कहानी को पढ़कर समझ सकें, आलोचनात्मक ढंग से सोच सकें और किसी भी विषय पर अपनी सोच मौखिक व लिखित रूप में अभिव्यक्त कर सकें। इसके लिए कक्षा में उनके साथ हर रोज़ कहानी/पाठ पर बातचीत करनी होगी और उनका शब्दभंडार बढ़ाना होगा। हर रोज़ लेखन की गतिविधियाँ कराई जाएँ ताकि उनकी लेखन क्षमता बढ़ सके। इस उम्र के बच्चों को कोई भी पाठ पढ़ कर समझ आ जाए, इसके लिए ज़रूरी है कि जिस विषय पर पाठ लिखा गया है, उसके बारे में पहले से कुछ पता हो। इसे हम पूर्व ज्ञान कहते हैं। यह इसलिए आवश्यक है क्योंकि कई बार बच्चा सही तरीके से पाठ पढ़ तो लेता है, परन्तु उसके बारे में कुछ भी पता न होने की वजह से वह कुछ समझ नहीं पाता। जब भी बच्चों के साथ 'पढ़ कर समझने की क्षमता' पर काम किया जाए, तो आवश्यक है कि उन्हें विषय ज्ञान/जगत ज्ञान आदि के माध्यम से कार्य करवाए जाएँ। ध्यान रखें कि इस उम्र के बच्चों का अनुभव काफ़ी ज़्यादा होता है। यह अनुभव उनके शैक्षिक उपलब्धियों में नहीं झलकता है क्योंकि बच्चा उस पाठ/कहानी के निहित अर्थों को ही समझ नहीं पाता।

## कक्षा में की जाने वाली गतिविधियाँ

(प) **पढ़ने से पूर्व**- किसी भी कहानी/पाठ को पढ़ने से पहले, बच्चों से कहें कि वह शीर्षक और चित्र देख कर अनुमान लगाएँ कि कहानी/पाठ में क्या होगा। यह कार्य बच्चे समूह में करें और फिर हर समूह अपने-अपने अनुमान को पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुत करे। सूचनात्मक पाठ के लिए 'मुझे क्या पता है' और 'मुझे क्या पता करना है' पर बच्चों से चर्चा करें।

| मुझे क्या पता है? | मुझे क्या पता करना है? |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

बच्चों को चर्चा कर के लिखने के लिए कहें और फिर पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुत करने के लिए कहें।

(ii) **पढ़ने के दौरान** - जब बच्चे पाठ/कहानी पढ़ लें, तब उस पर बातचीत शुरू करें। इस के लिए कक्षा में 3 गतिविधियाँ ज़रूर करें :-

**1. बातचीत/चर्चा** - शिक्षक बच्चों को समूह में बाँटें और समूह को प्रश्न बनाने के लिए कहें। फिर हर समूह अपने-अपने प्रश्न दूसरे समूह के बच्चों से पूछे।

कुछ खास प्रकार के प्रश्न जो बच्चों को पाठ समझने, अपने जीवन से जोड़ने,अपनी बातों को विस्तार से बताने और उनकी दक्षताओं को बेहतर करने में मदद करे, नीचे दिए गए हैं :-

स ऐसे प्रश्न जिनसे तथ्य या जानकारीप्राप्त हों

स ऐसे प्रश्न जो बच्चों को सोचने पर मजबूर करे

स ऐसे प्रश्न जो बच्चों से अपरिचित शब्द,मुहावरे आदि का उपयोग अलग-अलग संदर्भों में कराए

- ऐसे प्रश्न जो बच्चों से पाठ/कहानी में दी गई किसी बात पर उनकीराय माँगे
- ऐसे प्रश्न जो उनको किसी बात/जानकारी को विस्तार/संक्षिप्त रूप से बताने के लिए प्रेरित करें।

**उदाहरण**




**2.** किसी भी कहानी/पाठ में दी गई जानकारी को समझने के लिए, उसे चित्रित रूप में लिखने से पढ़कर समझने की क्षमता विकसित होती है। चित्रित रूप में पाठ की जानकारियों को नियोजित करने के चार तरीके हैं :-

**( क )** किसी भी एक चीज़ पर ध्यान केंद्रित कर, उससे जुड़ी सभी बातों का विवरण लेना, पढ़ कर समझने की क्षमता को बढ़ाता है। (यह अधिकतर सूचनात्मक पाठ में किया जाता है।)

**( ख )** कोई भी कहानी/पाठ पढ़ कर बच्चे सोचें कि कहानी/पाठ में दिए गए पात्र को कौन-सी परेशानी का सामना करना पड़ा और उस ने उसका क्या हल खोजा।

**उदाहरण**




**( ग )** कहानी की घटनाओं को क्रमबद्ध तरीके से लिखें।



कहानी की घटनाएँ

**( घ )** अगर किसी केजीवन की घटनाओंको बताना हो तो जपउमसपदम (समयरेखा) का उपयोग करें।



## माइंड मैपिंग

यह एक ऐसा अभ्यास है जिसके ज़रिए किसी भी विषय पर जो संदर्भ हमारे दिमाग़ में बनते हैं उसे माइंड मैपिंग के रूप में दर्शाते हैं। इसका महत्त्वपूर्ण पहलू है इन शब्दों के बारे में ख़ुद का अनुभव होना और उनका व्यावहारिक जीवन में प्रयोग करना। अगर शब्दों का प्रयोग हम अपने दैनिक जीवन में करते हैं तब वे शब्द हमारे लिए भाषा विकास में लाभदायक होते हैं और वे स्थायी रूप से प्रयोग में आते हैं।

हम जब माइंड मैपिंग करते हैं तो अच्छा यही होता है कि इसे पूरी कक्षा के बच्चों के साथ किया जाए, ताकि जब बच्चा कोई शब्द बोले तो उस शब्द को वह अपने अनुभव से जोड़ पाए। इससे शब्दों की सूची काफ़ी लंबी हो सकती है। इस अभ्यास से बच्चे नए-नए शब्द और उन शब्दों से जुड़े सम्बंधों को सीखते हैं। पूरी कक्षा के साथ करने का फ़ायदा यह है कि एक बच्चे के व्यक्तिगत शब्दकोष को कक्षा के सामूहिक शब्दकोष में बदलने का अवसर मिल जाता है।

इस अभ्यास से शिक्षक अनगिनत अनुभवों को एक सहायक के तौर पर बच्चों से परिचित कराते हैं। हम दूसरों के दृष्टिकोणों को इस गतिविधि के माध्यम से पहचानते और स्वीकारते हैं। लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि माइंड मैपिंग की गतिविधि उस वक़्त तक सफल या सार्थक नहीं हो सकती है जब तक शिक्षिका इस गतिविधि को सीखने के आवश्यक लक्ष्य तक न लेजाएँ।

माइंड मैपिंग के अंतर्गत निम्न गतिविधियाँ कराई जाएँ : बच्चों का शब्द भंडार बढ़ाना, शब्दों का वर्गीकरण करना, शब्दों से वाक्य बनाना और फिर माइंड मैपिंग द्वारा आए शब्दों से कहानी लिखवाना आदि।

## रोल प्ले का उद्‌देश्य

- किसी भी विषय पर रोल प्ले से बच्चे उस विषय से भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं और उस विषय पर अपने विचार बेहतर ढंग से प्रस्तुत कर पाते हैं। रोल प्ले करने से बच्चों की रचनात्मकता, सृजनात्मकता व तर्क-वितर्क करने की दक्षता विकसित होती है।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे किसी भी विषय पर अपने विचारों को व्यक्त कर पाते हैं।
- समूह में मिलकर कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।
- रोल प्ले में शामिल सभी बच्चे अपने अनुभवों द्वारा विषय/मुद्‌दे के बाहर घटित घटनाओं को जोड़ते हुए उन पर विचार-विमर्श करते हैं।
- उनके व्यवहार में परिवर्तन होने लगता है।

## रोल प्ले करने का तरीक़ा

- कक्षा में शामिल सभी बच्चों को छोटे–छोटे समूह में बाँटें।
- समूह में 5–6 बच्चों को शामिल करें। (ज़रूरत के अनुसार बेसिक लेवल के बच्चों को भी रोल प्ले में शामिल कर सकते हैं।)
- रोल प्ले के दौरान सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें।
- समूह में सभी बच्चे अपने–अपने पात्रों का चयन व संवादपर चर्चा करें व अभ्यास करें।

## स्वयं लेखन

किसी भी विषय पर बच्चों से बातचीत ज़रूर करें। सभी बच्चों को बोलने का मौक़ा दें। फिर बच्चों से उस विषय पर लिखने के लिए कहें। बच्चे जब लिख रहे हों तब शिक्षक समूह में जाकर बच्चों से बातचीत करें कि वे क्या लिख रहे हैं या इस विषय पर क्या–क्या लिखा जा सकता है। लिखने के बाद बच्चों को अपने लेखन को ख़ुद पढ़ने और सही करने के लिए कहें। नीचे कुछ संकेत दिए गए हैं जिनकी सहायता से लेखनकी शुरुआत की जा सकती है:

ळ चित्र देखकर लिखना – चित्र में कौन–कौन हैं, क्या कर रहे हैं, इस चित्र में क्या कोई कहानी छिपी है, चित्र को देखकर कुछ वाक्य या कहानी लिखें।

ळ स्थिति देकर लिखवाना या किसी विषय पर लिखना– बच्चे को कोई स्थिति/विषय दें और उस पर लिखने को कहें।

ळ अधूरे वाक्य से आगे लिखना – बच्चे को अधूरे वाक्य देकर पूरा लिखने के लिए कहें।

ळ रोल प्ले पर की गईचर्चा के आधार पर लिखना,प्रस्तुत नाटक पर राय लिखनाआदि।

**लेखन की जाँच करते समय बच्चोंकी मदद इस तरह करें:**

अच्छे लेखन के दो भाग हैं : विषयवस्तु और क्रमबद्धता। विषयवस्तु का अर्थ है कि आप जिस विषय पर लिखना चाहते हैं, उस विषय से सम्बंधित विचारों की व्यवस्था। क्रमबद्धता से मतलब है जो कुछ भी लिखा गया है उसमें वाक्य संरचना का सही उपयोग, वाक्यों में तालमेल, उचित जगहों पर विराम चिन्हों का प्रयोग और मात्राओं का सही प्रयोग करना आदि। किसी भी विषय पर लिखने के बाद उसे पढ़कर पुनः उसकी विषयवस्तु और क्रमबद्धता की जाँच करना बच्चों की लेखन क्षमता को और भी बेहतर बनाता है। इस पूरी प्रक्रिया को समझने और इस्तेमाल करने में शिक्षिका बच्चों को प्रेरित करें और उनकी मदद करें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे ने जो लिखा है, उसे वे दोबारा पढ़ें और ठीक करें।

गणित निर्देशिका ( बेसिक )

# प्रेरणा प्लस

प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम
(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

**2017-18**

हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें









Pratham

## लक्षित समूह

भाषा के आधार पर कक्षा 3, 4 और 5 के चयनित सभी बच्वें लेकिन यह ध्यान रहे कि गणित की कक्षा गणित के स्तरानुसार चलाएँ

## लक्ष्य

**इस कार्यक्रम के अन्त तक सभी बच्चे:** 100 तक की संख्याओं को स्थानीय मान के साथ पहचान सकें

- दो अंकों वाली संख्याओं के साथ जोड़ और घटाव के हासिल वाले शाब्दिक सवालों को हल कर सकें
- दो अंकों वाली संख्याओं में एक अंक वाली संख्याओं से गुणा और भाग के शाब्दिक सवालों को हल कर सकें
- द्विविमीय आकृतियों (Two Dimensional Shapes) और भिन्न को पहचान सकें

## कक्षा में रोज़ाना की जाने वाली गतिविधियाँ

| | | |
|---|---|---|
| गणित सम्बंधी बातचीत | 10 मिनट | • गणित सम्बंधी बातचीत, संक्रिया, संख्या, मापन, अनुमान इत्यादिं |
| संख्या सम्बंधी गतिविधियाँ | 15 मिनट | • संख्या चार्ट वाचनं<br>• बंडल–तीली की क्रियाएँ |
| शाब्दिक सवालों पर बातचीत एवं औपचारिक रूप से गणितीय संक्रियाएँ हल करना | 25 मिनट | • जोड़<br>• घटाव<br>• पहाड़ा (रोज़ाना किन्हीं दो संक्रियाओं पर काम करें)<br>• गुणा<br>• भाग |
| अन्य दक्षताआ ँकी गतिविधिया ँएवं खेल | 10 मिनट | • आकृतियों से परिचय<br>• भिन्नों का परिचय (रोज़ाना कोई एक गतिविधि कराएँ) |

## गणित सम्बंधी बातचीत

यहाँ नीचे गणित सम्बंधी बातचीत के कुछ उदाहरण दिए गए हैं आप इसके अलावा दैनिक जीवन से जुड़े और भी कई उदाहरण कक्षा में इस्तेमाल कर सकते हैं

- आपके स्कूल में कुल कितनी खिड़कियाँ हैं?
- आपकी कक्षा में कुल कितने बच्चे हैं, आपको यह कैसे पता चला?
- एक कमरे की लम्बाई आपके हाथ से लगभग कितने हाथ होंगी? आपने यह कैसे अंदाज़ा लगाया?
- आपकी माँ जब घर में खाना पकाती हैं तो उन्हें कैसे पता चलता है कि कितना खाना बनाए कि वह बर्बाद न हो?
- आपको अपने पिताजी के लिए नई कमीज़ सिलवानी है, इसके लिए आप क्या – क्या करेंगे?
- दैनिक जीवन में किस – किस माध्यम से किसी चीज़ को मापा जाता है?
- आप 100 रुपये लेकर बाज़ार जाते हैं, आपको कोई चार चीज़ें ख़रीदनी हैं और 25 रुपये वापस भी लाने हैं बताएँ, आप कौन–कौन सी चीज़ें और कितने – कितने रुपये में ख़रीदेंगे?

## संख्या चार्ट वाचन

**सुनो :**

- सबसे पहले शिक्षक बड़े समूह में स्पष्ट उच्चारण के साथ संख्या चार्ट पढ़कर सुनाएँ बच्चे सिर्फ़ देखें और सुनें पीछे–पीछे दोहराएँ नहीं




**पढ़ो :**

- संख्या चार्ट की कुछ इकाइयाँ पढ़ने के बाद शिक्षक उन इकाइयों को पुनः पढ़कर सुनाएँ  इस बार बच्चे अपने–अपने गिनती कार्ड पर अँगुली फिसलाएँ
- **'अब मेरे जैसा कौन पढ़ेगा?'** ऐसा कहकर प्रतिदिन अलग–अलग 3–4 बच्चों को पढ़ने का मौक़ा दें और पढ़ने के बाद उन्हें शाबाशी भी दें

**करो :**




- 3–4 बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाकर प्रत्येक समूह में एक–एक संख्या कार्ड देकर उपरोक्त गतिविधि का अभ्यास करने को कहें

**शिक्षक ध्यान दें।**

- शिक्षक सबसे पहले किसी संख्या के नीचे अंगुली रखें और स्पष्ट उच्चारण और आवाज़ के साथ पढ़ें ताकि सभी बच्चों को सुनाई दें इसी प्रकार आगे की संख्याओं को भी पढ़ें
- 1 से 100 तक की संख्याओं से परिचय सहजता से होने के लिए **क्रमशः** 1 से 20, 1 से 40, 1 से 60, 1 से 80 तथा 1 से 100 के स बनाकर संख्या चार्ट वाचन कराएँ
- संख्या चार्ट वाचन बारी–बारी, अलग–अलग तरीक़े से कराएँ, जैसे–ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर, बाएँ से दाएँ, दाएँ से बाएँ, तिरछी गिनती, बीच–बीच से गिनती, ज़िग्ज़ैग गिनती इत्यादिं इसी प्रकार संख्याओं से परिचय हो जाने के बाद संख्या चार्ट में अलग–अलग पैटर्न ढूँढने के लिए कहें




- अलग–अलग तरीक़े से संख्या वाचन करते समय बच्चों को शुरुआत दिक़्क़तें हो सकती हैं, आप जल्दबाज़ी न करें, बच्चों को बार–बार मौक़ा दें
- संख्या चार्ट ऐसी जगह लगाएँ कि सभी बच्चे उसे स्पष्ट रूप से देख सकें और अंगुली रखकर पढ़ सकें

# तीली से क्रियाएँ

**सुनो :**

- ❑ शिक्षक जिस अंक की पहचान करवाने वाले हैं उससे सम्बंधित 4–5 वाक्यों की एक कहानी सुनाएँ




**बोलो :**

- ❑ जिस अंक से सम्बंधित कहानी सुनाई है, उसके बारे में पूछें कि अप आस–पास उतनी संख्या में क्या–क्या दिखता है?

  जैसे–यहाँ इस कक्षा में क्या–क्या दो चीज़ें हैं?

**करो :**

- ❑ जिस अंक के बारे में बात की है उतनी तीलियाँ बच्चों को गिनकर दिखाएँ फिर 2–3 बच्चों को उसी तरह से गिनकर बताने को कहें
- ❑ अब अंक कार्ड द्वारा उस अंक के संकेत चिन्ह से परिचित कराएँ

**पढ़ो :**

- ❑ बच्चों से कहें, अब इस अंक को संख्या चार्ट में पढ़ें



**लिखो :**

- ❑ जो अंक संख्या चार्ट में पढ़ा है उसे अपनी–अपनी कॉपी में लिखें



**शून्य की पहचान–इस प्रकार कराएँ :**

- ❑ शून्य की पहचान कराने के लिए 9 तीलियाँ लें बच्चों से पूछें कि मे पास कितनी तीलियाँ हैं? बच्चों के जवाब आने के बाद शिक्षक सभी तीलियाँ ज़मीन पर रख कर चर्चा करें अब मेरे पास कितनी तीलियाँ हैं? **कुछ नहीं** मतलब शून्य (0) इस प्रकार शून्य की अवधारणा पर बच्चों से बातचीत करें




- ❑ आस–पास की चीज़ों के बारे में पूछें जो चीज़ें वहाँ नहीं हैं

  जैसे–यहाँ फ्रिज़ कितने हैं? यहाँ टी.वी. कितने हैं? यहाँ रेडियो कित हैं? इत्यादि




| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 21 | 31 | 41 | 51 | 61 | 71 | 81 | 91 |
| 2 | 12 | 22 | 32 | 42 | 52 | 62 | 72 | 82 | 92 |
| 3 | 13 | 23 | 33 | 43 | 53 | 63 | 73 | 83 | 93 |
| 4 | 14 | 24 | 34 | 44 | 54 | 64 | 74 | 84 | 94 |
| 5 | 15 | 25 | 35 | 45 | 55 | 65 | 75 | 85 | 95 |
| 6 | 16 | 26 | 36 | 46 | 56 | 66 | 76 | 86 | 96 |
| 7 | 17 | 27 | 37 | 47 | 57 | 67 | 77 | 87 | 97 |
| 8 | 18 | 28 | 38 | 48 | 58 | 68 | 78 | 88 | 98 |
| 9 | 19 | 29 | 39 | 49 | 59 | 69 | 79 | 89 | 99 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

- ❑ अंक कार्ड में **शून्य** (0) को दिखाएँ और सभी बच्चों को अपनी–अप कॉपी में लिखने को कहें
- ❑ 1 से 9 तक के अंकों की पहचान कराने के लिए उपरोक्त तरीक़े से गतिविधि कराएँ

## बंडल–तीली से क्रियाएँ




शिक्षक पहले मुट्ठी भर तीलियाँ उठाएँ और उन्हें गिनकर दिखाएँ फिर ब को एक नियम बताएँ कि जैसे ही 10 तीलियाँ इकट्ठी हो जाएँ तो उसव बैण्ड लगाकर बंडल बनाना हैं

**शिक्षक बच्चों को बताएँ कि अब हम एक नियम बनाते हैं,10 तीलियों को एक साथ बाँधने से 1 बंडल बनता है।**

**अतः 1 बंडल = 10 तीलियाँ।**

- ❑ बची हुई तीलियों का भी अगर बंडल बनता है तो बंडल बनाकर दि अगर बंडल नहीं बनता है तो बच्चों से पूछें कि बंडल क्यों नहीं बना
- ❑ जितनी तीलियाँ उठाई थी उनका बंडल बनाने के बाद बच्चों से पूछें कि इसमें कितने बंडल और कितनी तीली है?
- ❑ अब बंडल–तीली का फ्रेम बनाकर बंडल के घर में बंडल और तीली के घर में तीली रखें और उसकी संख्या भी लिखें
- ❑ 3–4 बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाकर प्रत्येक समूह को बहुत सारी तीलियाँ, रबर बैण्ड और एक संख्या कार्ड दें और उपरोक्त तरीक़े से गतिविधि करने को कहें



| बंडल | तीली |
|---|---|
| 3 | 4 |
| 30 + 4 = 34 | |



### तुलना

- ❑ दो बच्चों को बुलाकर एक बच्चे को 34 तीलियाँ तथा दूसरे बच्चे को 25 तीलियाँ उठाने को कहें
- ❑ दोनों बच्चों से बारी–बारी पूछें कि आपके पास कितने बंडल और कितनी तीलियाँ हैं?
- ❑ दोनों बच्चों को बंडल–तीली द्वारा बनी हुई अपनी–अपनी संख्या अगल–बगल में लिखने को कहें
- ❑ बच्चों से पूछें, "किसकी संख्या बड़ी है? वही संख्या क्यों बड़ी है?" उ तर्क भी देने को कहें और उस पर चर्चा भी करें
- ❑ यदि बंडल की संख्या समान होता है तो तीलियों की तुलना तीलियों करके दिखाएँ
- ❑ यदि तीलियों की संख्या समान हो तो बंडल की तुलना बंडल से कर दिखाएँ
- ❑ यदि बंडल तीली दोनों समान हो तो बंडल की तुलना बंडल से तथा तीलियों की तुलना तीलियों से करके दिखाएँ







जैसे– 34 बड़ा है 25 से या 34 > 25

## बंडल–तीली से जोड़




- सबसे पहले जोड़ तथा घटाव के 2–3 शाब्दिक सवाल बच्चों से मौखिक पूछें हर एक सवाल पर बच्चों से बातचीत करें और पूछें कि चीजें बढ़ रही हैं या घट रही हैं? चीज़ें बढ़ने पर हम कौन–सी गणितीय क्रिया करते हैं और कम होने पर कौन–सी?
- अब शिक्षक जोड़ के एक शाब्दिक सवाल बोलते हुए ब्लैक बोर्ड पर लिखें और उस शाब्दिक सवाल पर बच्चों से बातचीत करें तथा उनकी मदद से सवाल हल करें
- शिक्षक, ज़मीन या फ़र्श पर बंडल–तीली का फ्रेम बनाकर राजू और निशा (कक्षा के दो बच्चे) को बुलाएँ और बंडल–तीली की सहायता से सवाल हल करें




**नियमः 10 तीलियों का एक बंडल होता है।**

- राजू के पास 26 आम है इसलिए उसके बदले में राजू 26 तीलियाँ गिनकर निकालें
- अब बच्चों से बातचीत करें कि क्या 26 में बंडल बनेगा? इसके बंडल को बंडल के ख़ाने में तथा तीली को तीली के ख़ाने में रर कहें और उसकी संख्या लिखें




- इसी प्रकार निशा 15 तीलियाँ गिनकर निकाले और उसका बंडल बना लें बंडल को बंडल के ख़ाने में तथा तीली को तीली के ख़ाने में रखे और उसकी संख्या लिखें




**नियमः जोड़ और घटाव का सवाल हल करने के लिए हमेशा तीलियों से शुरू करते हैं। जोड़ चिन्ह की पहचान भी कराएँ और बाईं ओर चिन्ह लगाएँ ·**

- अब निशा अपनी सभी तीलियाँ राजू को देगी यानी 6 तीलियों में तीलियाँ मिलाने पर 11 तीलियाँ हुई जिससे बने 1 बंडल और 1 तीली को ऊपर बंडल के मेहमान ख़ाने में रखने को कहें तथा तीली को तीली के ख़ाने में रखें और संख्या 1 लिखें




- अब 2 बंडल में 1 बंडल और 1 मेहमान बंडल को जोड़ने से 4 ब हुआं अतः राजू के पास 4 बंडल और 1 तीली हो गएं बच्चों से पू 4 बंडल 1 तीली मतलब कितना?




**अब शिक्षक अंगुली रखकर इस प्रकार पढ़कर दिखाएँ– 26 15 मिलाया तो 41 हुआ।**

**प्राप्त उत्तर को सवाल में रखकर पढ़ें और एक वाक्य में स लिखें– अब राजू के पास 41 आम हो गए।**

## बंडल–तीली से घटाव




- सबसे पहले जोड़ तथा घटाव के 2–3 शाब्दिक सवाल बच्चों से मौखिक पूछें हर एक सवाल पर बच्चों से बातचीत करें और पूछें चीज़ें बढ़ रही हैं या घट रही हैं? चीज़ें बढ़ने पर हम कौन–सी गणितीय क्रिया करते हैं और कम होने पर कौन–सी?
- अब शिक्षक घटाव के एक शाब्दिक सवाल बोलते हुए ब्लैक बोर्ड लिखें और उस शाब्दिक सवाल पर बच्चों से बातचीत करें तथा उनकी मदद से सवाल हल करें
- शिक्षक, ज़मीन या फ़र्श पर बंडल–तीली का फ्रेम बनाकर सूरज और नीलम को बुलाएँ और बंडल–तीली की सहायता से सवाल हल करें

| बंडल | तीली |
|---|---|
| | |
| 3 | 2 |
| | |
| | |




**नियमः 10 तीलियों का एक बंडल होता है।**

- सूरज के पास 32 कंचे है इसलिए उसके बदले में सूरज 32 तीलियाँ गिनकर निकालें
- अब बच्चों से बातचीत करें कि क्या 32 में बंडल बनेगा? इसके बाद बंडल को बंडल के ख़ाने में तथा तीली को तीली के ख़ाने में रखने को कहें और उसकी संख्या लिखें

| बंडल | तीली |
|---|---|
| | |
| 3 | 2 |
| 1 | 3 |
| | |




- नीलम को 13 तीलियाँ सूरज से लेना है इसलिए 13 में कितने बंडल और कितनी तीलियाँ होगी? उसकी संख्या बंडल–तीली के ख़ाने में लिखें




**नियमः जोड़ और घटाव का सवाल हल करने के लिए हमेशा तीलियों से शुरू करते हैं। घटाव चिन्ह की पहचान कराएँ और बाईं ओर चिन्ह लगाएँ।**

| | बंडल | तीली |
|---|---|---|
| | | |
| | 3 | 2 |
| – | 1 | 3 |
| | | |

- पहले 2 तीली में से 3 तीली कम करेंगें 2 तीली में से 3 तीली नहीं दे सकते हैं इसलिए बंडल के ख़ाने से एक बंडल ले लेंगे और जैसे ही 1 बंडल तीली के ख़ाने में आता है, वह तीलियों में बदल जाएगा साथ ही 3 बंडल में से 1 बंडल ले लेने पर बंडल के ख़ाने में 2 बंडल रह जाएगां




| | बंडल | तीली |
|---|---|---|
| | 2 | 12 |
| | ~~3~~ | ~~2~~ |
| – | 1 | 3 |
| | | 9 |

**नियमः बंडल जब तीली के ख़ाने में जाएगा तो वह तीलियों में बदल जाता है।**

- अब तीली के ख़ाने में कुल 12 तीली में से 3 तीली कम करने पर 9 तीली बची और 2 बंडल में से 1 बंडल कम करने पर 1 बंडल बचा यानी सूरज के पास 1 बंडल और 9 तीली बचें

| | बंडल | तीली |
|---|---|---|
| | 2 | 12 |
| | ~~3~~ | ~~2~~ |
| – | 1 | 3 |
| | 1 | 9 |

**अब शिक्षक अंगुली रखकर इस प्रकार पढ़ें– 32 में 13 घटाने पर 19 बचा।**

**प्राप्त उत्तर को सवाल में रखकर पढ़ें और एक वाक्य में उत्तर लिखें– अब सूरज के पास 19 कंचे बचे।**

# गुणा की अवधारणा

## 1. तीलियों द्वारा

- 5–6 बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाएँ और प्रत्येक समूह को 12–12 तीलियाँ दें
- प्रत्येक समूह से कहें, इन तीलियों को कुछ समूहों में सजाने हैं लेकिन, शर्त यह है कि प्रत्येक समूह में तीलियों की संख्या समान हों
- प्रत्येक समूह से पूछें, कितने समूह बने और प्रत्येक समूह में कितनी तीलियाँ हैं?
- अब शिक्षक बताएँ कि किसी समूह में कोई चीज़ जितनी संख्या में रहती है और जितनी बार रहती है उस सम्बंध को गुणा (x) द्वारा दर्शाया जाता है, जैसे –

  4 के समूह में 3 बार          3 के समूह में 4 बार

  6 के समूह में 2 बार




- शून्य वाली संख्या के साथ गुणा करने के कई उदाहरण लें और उसमें पैटर्न देखने की बात करें फिर निष्कर्ष निकालें, शून्य वाली संख्या के साथ गुणा करने में शून्य को छोड़कर सभी संख्याओं को गुणा करते हैं और जो गुणनफल आता है उसे लिखकर उन संख्याओं की दाईं तरफ़ जितने शून्य होते हैं सभी को एक साथ गिनकर उतने शून्य रख देते हैं

  जैसे – 20 × 3 = 60,   200 × 3 = 600,   340 × 20 = 6800

## 2. सीढ़ी पद्धति द्वारा पहाड़े की समझ




- दो का पहाड़ा 3 बार बोलना है इसलिए 2 खड़ी लाइन पर 3 पड़ी लाइन खींचें और सभी कटान बिन्दुओं को गिनें




- बच्चों को इसी तरह से अलग–अलग पहाड़े तैयार करने को कहें, जैसे–3 के पहाड़े, 4 के पहाड़े आदि

## 3. पहाड़ा चार्ट वाचन

- शिक्षक कोई भी एक पहाड़ा अंगुली रखकर स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़ें
- शिक्षक कहें **अब मेरे जैसा कौन पढ़ेगा।** 2–3 बच्चों को व्यक्तिगत रूप से पहाड़े वाचन करने का मौक़ा दें
- 5–6 बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाकर प्रत्येक समूह को उपरोक्त तरीक़े से पहाड़े वाचन करने को कहें

पहाड़ों का मज़ा

| X | 1 एक | 2 दो | 3 तीन | 4 चार | 5 पाँच | 6 छह | 7 सात | 8 आठ | 9 नौ | 10 दस |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 (एकम) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 2 (दूनी) | 2 | 4 | 6 | 8 | 10 | 12 | 14 | 16 | 18 | 20 |
| 3 (तिया) | 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 | 27 | 30 |
| 4 (चौके) | 4 | 8 | 12 | 16 | 20 | 24 | 28 | 32 | 36 | 40 |
| 5 (पंचे) | 5 | 10 | 15 | 20 | 25 | 30 | 35 | 40 | 45 | 50 |
| 6 (छक्के) | 6 | 12 | 18 | 24 | 30 | 36 | 42 | 48 | 54 | 60 |
| 7 (सत्ते) | 7 | 14 | 21 | 28 | 35 | 42 | 49 | 56 | 63 | 70 |
| 8 (अठे) | 8 | 16 | 24 | 32 | 40 | 48 | 56 | 64 | 72 | 80 |
| 9 (नमे) | 9 | 18 | 27 | 36 | 45 | 54 | 63 | 72 | 81 | 90 |
| 10 (दहीं) | 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 90 | 100 |

# गुणा

सबसे पहले शिक्षक गुणा की अवधारणा पर बातचीत करें। फिर गुणा का एक सवाल लिखकर उस पर चर्चा करें और निम्नलिखित प्रकार से गतिविधि कराएँ।

- ❑ शिक्षक चर्चा करते हुए ब्लैकबोर्ड या ज़मीन पर फ्रेम बनाएँ। बच्चों से पूछें– 24 में कितनी दहाई और इकाई हैं?
- ❑ 24 को फ्रेम में लिखकर उसके नीचे 3 लिखकर गुणा (×) के चिन्ह के बारे में बच्चों को बताएँ।
- ❑ अब 4 में 3 से गुणा करने पर बारह हुआ, 12 में 1 दहाई और 2 इकाई होंगे तो इकाई के घर में 2 और दहाई के घर में 1 लिख देते हैं।
- ❑ अब 3 से 2 दहाई अर्थात् 20 में गुणा करेंगे। 20 में 3 से गुणा करने पर 60 हुआ जिसमें 6 दहाई और 0 इकाई हैं। अब इकाई के घर में 0 और दहाई के घर में 6 लिखें।
- ❑ अब इकाई को इकाई से तथा दहाई को दहाई से जोड़कर लिख देते हैं। 2 इकाई और 0 इकाई को जोड़ने से 2 इकाई हुआ तो इकाई के घर में नीचे 2 लिख देते हैं। 1 दहाई और 6 दहाई को जोड़ने से 7 दहाई हुआ तो दहाई के घर में नीचे 7 लिख देते हैं।
- ❑ अतः 7 दहाई और 2 इकाई मतलब बहत्तर हुआ। 24 में 3 से गुणा किया तो 72 हुआ।
- ❑ शिक्षक अब जवाब लिखकर दिखाएँ।
- ❑ अन्त में निम्नलिखित प्रकार से भी बताएँ।

```
   1
   2 4
 x   3
 -----
   7 2
```




| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| | | |
| | 2 | 4 |
| | | |
| | | |




| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| | | |
| | 2 | 4 |
| X | | 3 |
| | | |
| | | |




| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| | | |
| | 2 | 4 |
| X | | 3 |
| | 1 | 2 |
| | | |




| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| | | |
| | 2 | 4 |
| X | | 3 |
| | 1 | 2 |
| | 6 | 0 |
| | | |




| | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| | | |
| | 2 | 4 |
| X | | 3 |
| | 1 | 2 |
| + | 6 | 0 |
| | 7 | 2 |






## भाग की अवधारणा

- 5–6 बच्चों के छोटे–छोटे समूह बनाएँ और प्रत्येक समूह को 18–18 तीलियाँ दें




- प्रत्येक समूह से कहें, आप लोगों को इन तीलियों को कुछ लोगों में बराबर–बराबर बाँटने हैं
- प्रत्येक समूह से पूछें, आपने कितने लोगों में बाँटा और प्रत्येक को कितनी तीलियाँ मिलीं?




- अब शिक्षक बताएँ, लोगों या समूहों में बराबर–बराबर बाँटने के सम्बन्ध को भाग (÷) द्वारा दर्शाया जाता हैं

जैसे – 18 को 3 लोगों में बराबर–बराबर बाँटनां 18 ÷ 3 = 6

18 को 2 लोगों में बराबर–बराबर बाँटनां 18 ÷ 2 = 9

18 को 6 लोगों में बराबर–बराबर बाँटनां 18 ÷ 6 = 3

18 को 9 लोगों में बराबर–बराबर बाँटनां 18 ÷ 9 = 2




**शिक्षक ध्यान दें**

- बराबर–बराबर बाँटने में आप ऐसे भी बताएँ जिसमें कुछ शेष बच जाते हैं, जैसे – 18 ÷ 7 में प्रत्येक समूह के हिस्से में 2 आते हैं और शेष 4 बच जाते हैं






## भाग

सबसे पहले शिक्षक भाग की अवधारणा पर बातचीत करें। फिर भाग का कोई सवाल लिखकर उस पर चर्चा करें और निम्नलिखित प्रकार से गतिविधि कराएँ :




- ❑ शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर फ्रेम बनाएँ। 72 में 7 दहाई और 2 इकाई है। इसे फ्रेम में लिखें।




- ❑ अब 72 में 3 से भाग देते हैं। 72 में 10 रुपये वाले 7 नोट हैं। इन नोटों को 3 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक को 10 रुपये के 2 नोट मिलेंगे और हमारे पास से कुल 6 नोट निकल जाएँगे। अब हम 2 को ऊपर दहाई के नीचे लिखते हैं और 7 के नीचे 6 लिखकर घटाते हैं।




- ❑ 10 रुपये के एक नोट को खुल्ले करने के बाद राजू के पास 1 रुपये के कुल 12 नोट हो जाएँगे।




- ❑ अब 12 रुपये को 3 दोस्तों में बराबर–बराबर बाँटने पर प्रत्येक को 1 रुपये के 4 नोट मिले।
- ❑ अब हम 4 को ऊपर इकाई के नीचे लिखते हैं और 12 के नीचे 12 लिखकर घटाते हैं। राजू के पास अब 1 रुपये के एक भी नोट नहीं बचे।




- ❑ अतः राजू के पास से सारे नोट पूरे–पूरे बँट गए और शेष कुछ नहीं बचा।
- ❑ शिक्षक अब जवाब लिखकर दिखाएँ, जैसे–**प्रत्येक दोस्त को 24 रुपये मिलेंगे।**



## अन्य दक्षताओं की गतिविधियाँ

### आकृतियों से परिचय

बच्चों को समूह में कागज़ दें कागज़ मोड़कर या काटकर आकृतियाँ बनाने के लिए कहें समूह में काटी गई वस्तुओं का अपना एक विशेष आकार होगां हम उन आकारों को किस नाम से बुलाते हैं, उस पर बातचीत करें, जैसे–वृत्त, त्रिभुज, चतुर्भुज, आयत, वर्ग, पंचभुज, षट्भुज, इत्यादिं प्रत्येक आकृति की अपनी एक विशेषता होती हैं उन विशेषताओं के बारे में बच्चों से पूछें बाद में उनका वर्गीकरण करने के लिए कहें तथा उनसे तर्क भी पूछें



### आकृतियों को बराबर भागों में बाँटन

दी गई आकृतियों को चार समान भागों में बाँटने को कहें

बच्चों से कहें कि वे किसी वस्तु या आकृति को कितने अलग–अलग तरीक़े से बराबर–बराबर भागों में बाँट सकते हैं यहाँ आयत को अलग–अलग तरीक़े से चार बराबर भागों में बाँटा गया हैं



### भिन्नों का परिचय









छायांकित भाग = $\frac{2}{3}$

अछायांकित भाग = $\frac{1}{3}$



छायांकित भाग = $\frac{3}{4}$

अछायांकित भाग = $\frac{1}{4}$



छायांकित भाग = $\frac{2}{4} = \frac{1}{2}$



अछायांकित भाग = $\frac{4}{8} = \frac{2}{4} = \frac{1}{2}$

गणित निर्देशिका ( एडवांस )

# प्रेरणा प्लस

प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम

(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

**2017-18**

हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें सब बढ़ें









Pratham

# गणित

**लक्षित समूह**

कक्षा 3, 4 और 5 के वैसे बच्चे जो दो अंकों की संख्याओं के घटाव और भाग कर सकते हैं।

**लक्ष्य**

इस कार्यक्रम के अन्त तक सभी बच्चे :

- 9,999 तक की संख्याओं को पहचान सकें।
- चार अंकों की संख्याओं के साथ जोड़ और घटाव के हासिल वाले शाब्दिक सवालों को हल कर सकें।
- चार अंकों वाली संख्याओं में दो अंकों वाली संख्या से गुणा और भाग कर सकें।
- द्विविमीय आकृतियों (two-dimensional shapes) के गुणों को समझ सकें।

## 1. गणित सम्बंधी बातचीत — समय : 5 मिनट

शिक्षक रोज़ाना अलग–अलग विषयों पर गणित सम्बंधी बातचीत करें, जैसे – विद्यालय, बाज़ार, गाँव, मेला, परिवार इत्यादि में हमें गणित कहाँ–कहाँ नज़र आता है? यहाँ मेला पर पूछे जाने वाले सवाल के कुछ उदाहरण दिए गए हैं।

- मेले में आपको गणित की कौन–कौन सी बातें दिखती हैं? बच्चों से तर्क सहित पूछें।
- मेले में गोल – गोल क्या – क्या दिखता है? चूड़ी जैसी गोल तथा गेंद जैसी गोल चीज़े क्या – क्या दिखाई देती है? जवाब आने के बाद दोनों तरह की आकृति में अन्तर पूछें। बाद में बताएँ कि चूड़ी जैसी

## 2. संख्या पहचान — समय : 15 मिनट

नीचे दी गई गतिविधियों में से रोज़ाना कोई एक गतिविधि क्रम (order) से कराएँ। किसी भी गतिविधि

### 2.1 विस्तार सारणी वाचन

सबसे पहले शिक्षक विस्तार सारणी के ऊपर वाली लाइन बोलते हुए ब्लैकबोर्ड पर लिखें। इसके बाद कुछ बच्चों को बारी–बारी बुलाकर प्रत्येक कॉलम की संख्या बोलते हुए एक सीध में ऊपर से नीचे की ओर लिखने को कहें।

35 17 शिक्षक बड़े समूह में स्पष्ट उच्चारण के साथ संख्या पढ़कर सुनाएँ। बच्चे सिर्फ़ देखें और सुनें। पीछे–पीछे दोहराएँ नहीं।

35 17 **'अब मेरे जैसा कौन पढ़ेगा?'** ऐसा कहकर प्रतिदिन

**विस्तार सारणी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1,00,000 | 10,000 | 1,000 | 100 | 10 | 1 |
| 2,00,000 | 20,000 | 2,000 | 200 | 20 | 2 |
| 3,00,000 | 30,000 | 3,000 | 300 | 30 | 3 |
| 4,00,000 | 40,000 | 4,000 | 400 | 40 | 4 |
| 5,00,000 | 50,000 | 5,000 | 500 | 50 | 5 |
| 6,00,000 | 60,000 | 6,000 | 600 | 60 | 6 |
| 7,00,000 | 70,000 | 7,000 | 700 | 70 | 7 |
| 8,00,000 | 80,000 | 8,000 | 800 | 80 | 8 |
| 9,00,000 | 90,000 | 9,000 | 900 | 90 | 9 |

ऊपर से नीचे

दाएँ से बाएँ

## 2.2 शिक्षक ध्यान दें

- विस्तार सारणी वाचन बारी–बारी और अलग–अलग तरीक़े से निम्नलिखित प्रकार से कराएँ।

**ऊपर से नीचे :** एक, दो, ......, नौ, दस, बीस, ........., नब्बे

**दाएँ से बाएँ :** एक, दस, एक सौ, एक हज़ार, ........ एक लाख

## 2.3 कितनी बार?

दस एक बार दस, दस दो बार बीस, .... दस नौ बार नब्बे।

एक हज़ार एक बार एक हज़ार, एक हज़ार दो बार दो हज़ार .... एक हज़ार नौ बार नौ हज़ार।

**इकाई, दहाई आदि में :** एक दहाई दस ...... दो दहाई बीस .... नौ दहाई नब्बे..... एक सैकड़ा एक सौ ...

## 2.4 मनपसंद संख्या को चुनें

बच्चों को बारी–बारी सारणी में से कोई भी एक मनपसंद संख्या चुनने को कहें और उस पर बातचीत

## 2.5 विस्तार सारणी से संख्या बनाएँ

3 – 4 बच्चों को बुलाएँ और उन्हें बारी–बारी विस्तार सारणी से अपनी मनपसन्द संख्या चुनकर ब्लैकबोर्ड पर ऊपर–नीचे लिखने को कहें। मनपसन्द संख्या चुनने में बच्चों को निर्देश दें – **विस्तार सारणी के किसी भी स्तम्भ (Column) से केवल एक ही संख्या चुनी जाएगी। दूसरे बच्चे**

| | ह0 | सै0 | द0 | इ0 |
|---|---|---|---|---|
| | 7 | 0 | 0 | 0 |
| + | | 5 | 0 | 0 |
| + | | | 3 | 0 |
| | | | | 7 |
| | 7 | 5 | 3 | 7 |

सात हज़ार पाँच सौ सैंतीस

इसी तरह से अलग–अलग बच्चों को बुलाकर यह गतिविधि कराएँ।

विस्तार सारणी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1,00,000 | 10,000 | 1,000 | 100 | 10 | 1 |
| 2,00,000 | 20,000 | 2,000 | 200 | 20 | 2 |
| 3,00,000 | 30,000 | 3,000 | 300 | 30 | 3 |
| 4,00,000 | 40,000 | 4,000 | 400 | 40 | 4 |
| 5,00,000 | 50,000 | 5,000 | 500 | 50 | 5 |
| 6,00,000 | 60,000 | 6,000 | 600 | 60 | 6 |
| 7,00,000 | 70,000 | 7,000 | 700 | 70 | 7 |
| 8,00,000 | 80,000 | 8,000 | 800 | 80 | 8 |
| 9,00,000 | 90,000 | 9,000 | 900 | 90 | 9 |

## 2.6 करेन्सी नोटों से परिचय

- बच्चों से हर प्रकार के नोटों के बारे में नीचे दिए गए प्रश्नों के उदहारण से करेन्सी नोटों से परिचय कराएँ :
- 5–6 बच्चों का समूह बनाकर प्रत्येक समूह के बच्चों को एक–दूसरे से कुछ रुपये बारी–बारी लेने के लिए कहें।




## 2.7 करेन्सी नोटों से क्रियाएँ

- बच्चों से 3,427 रुपये गिनकर लेने के लिए कहें।
- अब फ्रेम पर चर्चा करते हुए फ्रेम बनाएँ और किसी बच्चे से उन नोटों को फ्रेम में रखने और उनकी संख्या लिखने को कहें।
- सभी बच्चों से पूछें, "यह कौन–सी संख्या बनी?" फिर पूछें, ''हज़ार के 3 नोट



- अब 3,427 के हरेक नोट के मान के बारे में बारी–बारी पूछें और उसे चित्र में तीर का चिन्ह लगाते हुए दिखाएँ। अब स्थानीय मान और विस्तारित रूप के बारे में भी बात कर लें, जैसे – 3,427 में 3 का स्थानीय मान = 3,000




3,427 में 4 का स्थानीय मान = 400

3,427 में 2 का स्थानीय मान = 20




## 2.8 पीरिअड का कमाल

किसी बड़ी संख्या को आसानी से पढ़ने–लिखने के लिए जब उसे छोटे–छोटे समूहों में बाँटकर कॉमा (,) लगाया जाता है तो इन छोटे समूहों को पीरिअड कहा जाता है। हरेक पीरिअड का नाम अलग होता है। जैसे– इकाई, हज़ार, लाख, करोड़, अरब आदि का पीरिअड संख्याओं को पीरिअड में बाँटने के दो अलग–अलग पद्धति हैं – एक राष्ट्रीय पद्धति

5,123 पाँच हज़ार एक सौ तेईस

12,234 बारह हज़ार दो सौ चौंतीस

3,45,429 तीन लाख पैंतालीस हज़ार चार सौ उनतीस

## 2.9 जैसा सुनो, वैसा लिखो

पहले कोई संख्या ध्यान से सुने और उसी के अनुसार बाईं से दाईं ओर संख्या लिखना शुरू करें। हरेक पीरिअड को पूरा करते हुए इकाई के पीरिअड तक पहुँचना है। किसी भी पीरियड में जो संख्या सुनाई नहीं देगा वहाँ शून्य लिखें और साथ–साथ कॉमा (,) लगाते जाएँ।

उदाहरण : पाँच लाख तीन हज़ार तेरह

अन्त में दाईं तरफ से इकाई, दहाई, सैकड़ा आदि पढ़ते हुए जाँच कर लें कि आपने जो संख्या सुना था उसे सही–सही

Step - 1 5,

Step - 2 5, 03,

## 2.10 कौन बड़ा, कौन छोटा

| अंक ज़्यादा होने पर | अंक कम होने पर | अंकों की संख्या बराबर होने पर | अंकों की संख्या और अंक बराबर होने पर |
|---|---|---|---|
| 587 > 95 | 63 < 236 | 624 > 390 | <u>7</u>58 < <u>7</u>86 |

## 2.11 आरोही क्रम (Ascending order)

545, 384, 720, 641

= 384, 545, 641, 720

या

384 < 545 < 641 < 720

## 2.12 अवरोही क्रम (descending order)

545, 384, 720, 641

= 720, 641, 545, 384

या

720 > 641 > 545 > 384

## 2.13 पैटर्न की समझ

1, 3, 5, 7, 9, ..........

3, 8, 13, 18, 23, .........

46, 43, 40, 37, 34 .........

## 2.14 संख्या निर्माण (Number formation)

**अंक 3, 8, 5 से तीन अंकों की बनने वाली सभी संख्याएँ।**

385 358 835 853 538 583

**अंक 5, 4, 0, 3 से तीन अंकों की बनने वाली सभी संख्याएँ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 540 | 543 | 503 | 504 | 534 | 530 |
| 450 | 453 | 403 | 405 | 435 | 430 |
| 354 | 350 | 345 | 340 | 305 | 304 |

## 3. शाब्दिक सवाल समय : 20 मिनट

35 17 रोज़ाना जोड़, घटाव, गुणा और भाग के कोई दो शाब्दिक सवाल मौखिक पूछें। साथ ही तर्क भी पूछें कि जोड़/घटाव/गुणा/भाग ही क्यों किया?

35 17 रोज़ाना जोड़, घटाव, गुणा और भाग के कोई एक शाब्दिक सवाल लिखित रूप से हल कराएँ। (हरेक संक्रियाएँ शुरुआत में शिक्षक खुद करके दिखाएँ और फिर बच्चों को छोटे–छोटे समूहों में हल करने के लिए दें।)

35 17 हरेक शाब्दिक सवाल को लिखित रूप में हल करने से पहले ये प्रश्न ज़रूर पूछें –

- ➢ सवाल में क्या जानकारी दी गई है?

### 3.1 करेन्सी नोटों से जोड़

अंकित के पास 3,246 रुपये हैं। यदि प्रिया उसे 2,875 रुपये और देती है तो अंकित के पास कितने रुपये




हल करने के बाद शिक्षक अँगुली रखकर इस प्रकार पढ़ कर दिखाएँ – 3,246 में 2,875 जोड़ा तो 6,121 हुआ। अतः अंकित के पास 6,121 रुपये हो जाएँगे।

नोट : फ्रेम के साथ–साथ फ्रेम से बाहर भी हल करके दिखाएँ।

```
  1 1 1
  3 2 4 6
+ 2 8 7 5
---------
  6 1 2 1
```

## 3.2 करेन्सी नोटों से घटाव

शोभा के पास 8,321 रुपये थे। उसने रजत की दुकान से 2,436 रुपये का सामान ख़रीदा। अब उसके




सवाल को फ्रेम से बाहर भी हल करके दिखाएँ।

हल करने के बाद शिक्षक अँगुली रखकर इस प्रकार पढ़ कर दिखाएँ– 8,321 में 2,436 घटाया तो 5,885 हुआ।

```
   12 11
  7 2̸ 1̸ 1̸
  8̸ 3̸ 2̸ 1̸
+ 2 4 3 6
  -------
  5 8 8 5
```

अतः शोभा के पास 5,885 रुपये बचे।

नोटः बच्चों को यह न बताएँ कि बड़ी में से छोटी संख्या घटानी है। उन्हें बताएं कि ज़रूरत के अनुसार हम बड़ी इकाई में से एक इकाई लेकर उसे छोटी इकाई में बदल लेते हैं, जैसे –

## 3.3 गुणा

सबसे पहले शिक्षक गुणा की अवधारणा पर बातचीत करें। इस समय शून्य वाली संख्या के गुणा पर भी

| | | |
|---|---|---|
| 10 + 10 + 10 + 10 | = | 40 = 10 X 4 |
| 20 + 20 + 20=60 | = | 60 = 20 X 3 |
| 30 + 30 + 30 + 30 + 30 | = | 150 = 30 X 5 |
| 400 + 400=800 | = | 800 = 400 X 2 |

पैटर्न ढूँढने के बाद बच्चों को बताएँ कि सबसे दाईं तरफ के शून्य को छोड़कर जो संख्याएँ बचती हैं उन्हें गुणा कर लें

बच्चों को गुणा वाली संख्याओं और गुणनफल में पैटर्न ढूँढने के लिए कहें।

एक क़मीज़ की क़ीमत 324 रुपये है। एक दुकानदार को ऐसी 63 क़मीज़ खरीदनी है। बताएँ, क़मीज की ख़रीदारी पर उस



## 3.4 भाग




सबसे पहले शिक्षक भाग की अवधारणा पर बातचीत करें। फिर भाग का कोई सवाल लिखकर उस पर चर्चा करें और

- शिक्षक ब्लैकबोर्ड पर फ्रेम बनाएँ। 8,723 में 8 हज़ार, 7 सैकड़ा, 2 दहाई और 3 इकाई है। इसे फ्रेम में लिखें और 8 से भाग दें।




- बच्चों से पूछें, हज़ार के 8 नोटों को 8 लोगों में बराबर बाँटने से प्रत्येक को कितने नोट मिलेंगे और हमारे पास से कितने नोट निकल जाएँगे?




- जवाब आने के बाद कहें – अब हम 1 को ऊपर हज़ार के नीचे लिखते हैं और 8 के नीचे 8 लिखकर घटाते हैं।




- बच्चों से पूछें, 100 रुपये के 7 नोट हैं तो 8 लोगों में बराबर बाँटने से प्रत्येक को कितने नोट मिलेंगे और हमारे पास से कितने नोट निकल जाएँगे?




- जवाब आने के बाद कहें – हम 100 रुपये के एक भी नोट नहीं दे पाएँगे और हमारे पास से एक भी नोट नहीं निकलेंगे इसलिए 0 को ऊपर सैकड़ा के नीचे लिखते हैं और 7 के नीचे 0 लिखकर घटाते हैं।




- बच्चों से पूछें, 100 रुपये के 7 नोट को 10 रुपये वाले नोटों में खुल्ले करने से अब हमारे पास 10 रुपये वाले कुल कितने नोट हो जाएँगे?

- बच्चों से कहें, अब हमारे पास 10 रुपये के कुल 72 (70 + 2) नोट हो गए। 72 लिखने में 7 के दाईं तरफ 2 लिखा जाता है



❑ अब हमारे पास 1 रुपया के 3 नोट हैं इसे 8 लोगों में बराबर बांटने से प्रत्येक को 1 रुपये वाले कितने नोट मिलेंगे और हमारे पास से कितने नोट निकालेंगे?

```
   हज़ार सैकड़ा दहाई इकाई
     1     0    9
8)   8     7    2    3
    -8
     0     7
        -  0
           7    2
        -  7    2
           0    0    3
```

❑ जवाब आने के बाद कहें – हम 1 रुपया के एक भी नोट नहीं दे पाएँगे और हमारे पास से एक भी नोट नहीं निकलेंगे इसलिए 0 को ऊपर इकाई के नीचे लिखते हैं और 3 के नीचे 0 लिखकर घटाते हैं

```
   हज़ार सैकड़ा दहाई इकाई
     1     0    9    0
8)   8     7    2    3
    -8
     0     7
        -  0
           7    2
        -  7    2
           0    0    3
                -    0
                     3
```

अत : प्रत्येक को 1,090 रुपये मिलेंगे और 3 रुपये शेष बच जाएँगें

**एक बड़े बाग़ में 12 पंक्तियों में कुल 1,236 आम के पेड़ लगे हुए हैं। सभी पंक्तियों में पेड़ों की संख्या समान है। बताएँ प्रत्येक पंक्ति में कितने आम के पेड़ हैं?**

```
    हज़ार सैकड़ा दहाई इकाई
      0     1    0    3
12)   1     2    3    6
     -0
      1     2
     -1     2
      0     0    3
            -    0
                 3    6
            -    3    6
                 0    0
```

अतः प्रत्येक पंक्ति में 103 आम के पेड़ हैं

## 4. अन्य दक्षता — समय : 20 मिनट

**नीचे दी गई गतिविधियों से रोज़ाना कोई एक गतिविधि कराएँ।**

### 4.1 द्विविमीय आकृतियों (2-d shapes) के गुण

बारी–बारी कोई दो द्विविमीय आकृतियों, जैसे – आयत और वर्ग का चित्र ब्लैकबोर्ड पर बनाकर उनमें अन्तर और समानता के बारे में पूछें बच्चे क्षेत्रीय भाषा में जवाब देंगे और बाद में उसे आप गणितीय शब्दावली से जोड़ दें जैसे – कोने को शीर्ष, किनारे को भुजा आदि बता सकते हैं इसी तरह से त्रिभुज और चतुर्भुज, चतुर्भुज और आयत, चतुर्भुज और वर्ग आदि में समानता और अन्तर पूछें

### 4.2 मापन एवं अनुमान

4–5 बच्चों को हाथ, बित्ता या अंगुलियों से किसी दीवार या मेज़ की लम्बाई मापने के लिए कहें (बेशक सभी बच्चों के माप अलग–अलग आएँगे क्योंकि सभी के हाथ, बित्ता या अंगुलियों की लम्बाई अलग–अलग होंगीं) उनसे पूछें कि क्या कारण है कि सभी के द्वारा किया गया माप अलग–अलग है?

सभी बच्चों से पूछें कि ऐसा क्या किया जाए कि कोई भी व्यक्ति किसी वस्तु को मापे तो उसका माप एक समान आए? बच्चों का अलग–अलग जवाब आएगा कि लकड़ी या रस्सी से मापा जाएं बच्चों को बताएँ कि इसके लिए उन्हें वास्तविक मानक माप की ज़रूरत पड़ेगी इस प्रकार अब बच्चों को वास्तविक मापन की इकाईयों के बारे में बताएँ साथ ही, मापन की छोटी बड़ी इकाईयों की भी जानकारी दें बाद में इन मानक इकाईयों को ध्यान में रखते हुए अनुमान लगाने पर बातचीत करें जैसे–आपका वज़न, लगभग कितने किलोग्राम होगा? कलम की लम्बाई लगभग कितनी सेंटीमीटर होगी इत्यादिं इसी तरह से कोई वस्तु जितनी जगह घेरती है और घेरे की लम्बाई पर बातचीत कर क्षेत्रफल (Area) एवं परिमाप (perimeter) का अनुमान लगाने को कहें

10 मिलिमीटर = 1 सेन्टीमीटर
10 सेन्टीमीटर = 1 डेसीमीटर
10 डेसीमीटर = 1 मीटर
10 मीटर = 1 डेकामीटर
10 डेकामीटर = 1 हेक्टोमीटर
10 हेक्टोमीटर = 1 किलोमीटर

| | | |
|---|---|---|
| 1 किलोमीटर | = | 1000 मीटर |
| 1 मीटर | = | 100 सेन्टीमीटर |
| 1 सेन्टीमीटर | = | 10 मिलिमीटर |

| |
|---|
| 1 लीटर = 1000 मिलिलीटर |
| 1 किलोग्राम = 1000 ग्राम |
| 1 किलोलीटर = 1000 लीटर |

(बच्चों को यह भी बताएँ कि लम्बाई, भार, समय, धारिता (तरल पदार्थ), तापमान और मुद्रा को मापने के लिए अलग–अलग मात्रक होते हैं।)

**लम्बाई** – मिलि, सेन्टी, डेसी, मीटर, डेका, हेक्टो और किलोमीटर।

**भार** – मिलि, सेन्टी, डेसी, ग्राम, डेका, हेक्टो और किलोग्राम।

**समय** – सैकेण्ड, मिनट, घण्टे, दिन, महीना, साल, दशक, शताब्दी, युग आदि।

**धारिता (तरल पदार्थ)** – मिलि, सेन्टी, डेसी, लीटर, डेका, हेक्टो और किलोलीटर।

**तापमान** – डिग्री सेल्सियस, डिग्री फ़ारेनहाइट और कैलविनं

## 4.3 आँकड़े की समझ

इसके अन्तर्गत सारणी (table), कैलेण्डर, आलेख (graph) आदि का समावेश किया गया हैं इसके लिए विजुअल कार्ड का इस्तेमाल करें

## 4.4 पूरी वस्तु का समान भाग करना




## 4.5 भिन्नों की समझ




**इसी प्रकार अलग–अलग वस्तु के समान भाग करने के लिए बच्चों से अभ्यास करवाएँ।**

## 4.6 भिन्नों के प्रकार

**उचित भिन्न (Proper Fraction)**



$= \frac{3}{4}$

$= \frac{1}{2}$

$= \frac{5}{8}$

**अनुचित भिन्न (Improper Fraction)**



$= \frac{7}{4}$

$= \frac{5}{2}$

$= \frac{11}{8}$

**मिश्र भिन्न (Mixed Fraction)**



$= 1\frac{3}{4}$

$= 2\frac{1}{2}$

$= 1\frac{3}{8}$

## 4.7 भिन्नों की तुलना

**समान हर वाले भिन्नों की तुलना :**

बारी–बारी से निम्नलिखित आकृतियाँ ब्लैकबोर्ड पर बनाएँ और बच्चों से ही पूछते हुए रंगे हुए भागों को भिन्नों के रूप में हर एक आकृति के नीचे लिखें। इसके बाद इन में तुलना करने के लिए कहें। प्रत्येक जवाब पर तर्क भी पूछें।



$\frac{1}{4}$ $\frac{2}{4}$

**स्पष्टत :** $\frac{1}{4} < \frac{2}{4}$

**निष्कर्ष :** समान हर वाले भिन्नों में जिस भिन्न का अंश छोटा होता है, वह भिन्न छोटी होती है। **(निष्कर्ष के बारे में पहले बच्चों से ही पूछें।)**

**समान अंश वाले भिन्नों की तुलना :**

बच्चों से ही पूछते हुए रंगे हुए भागों को भिन्नों के रूप में लिखें और फिर उनसे भिन्नों की तुलना करने के लिए कहें। साथ ही उनका तर्क भी जानें।



$\frac{2}{3}$

$\frac{2}{4}$



**स्पष्टत :** $\frac{2}{3} > \frac{2}{4}$

**निष्कर्ष :** समान अंश वाले भिन्नों में जिस भिन्न का हर छोटा होता है, वह भिन्न बड़ी होती है।

**(निष्कर्ष के बारे में पहले बच्चों से ही पूछें)**

## 4.8 भिन्नों का जोड़ (हर समान होने पर)

**उदाहरण :** एक कागज़ का $\frac{1}{5}$ भाग मीनू ने और $\frac{2}{5}$ भाग चीनू ने छायांकित किया। बताएँ, दोनों ने मिलकर कागज़ का कुल कितना भाग छायांकित किया?

$\frac{1}{5}$ $\frac{2}{5}$



$\frac{3}{5}$

$$\frac{1}{5} + \frac{2}{5} = \frac{3}{5}$$



## 4.9 भिन्नों का घटाव (हर समान होने पर)

**उदाहरण :** एक कागज़ का $\frac{3}{5}$ भाग लेकर रोहित ने $\frac{2}{5}$ भाग मोहित को दे दिया। बताएँ, रोहित के पास कितना भाग कागज़ बचा?




$$\frac{3}{5} - \frac{2}{5} = \frac{1}{5}$$




## 4.10 आकृति के बिना भिन्नों का जोड़ और घटाव

$$\frac{2}{7} + \frac{3}{7} = \frac{2+3}{7} = \frac{5}{7}$$

$$\frac{5}{11} + \frac{4}{11} = \frac{5+4}{11} = \frac{9}{11}$$

$$\frac{7}{24} - \frac{2}{24} = \frac{7-2}{24} = \frac{5}{24}$$

$$\frac{11}{25} - \frac{3}{25} = \frac{11-3}{25} = \frac{8}{25}$$

अतः हर सामान होने पर भिन्नों के जोड़ या घटाव में हर तो वही रहता है लेकिन अंश जोड़ में जुट जाता है और घटाव में घट जाता है।

**मैनुअल के अनुसार हरेक दक्षता पर काम करने के साथ – साथ तीसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तक की दक्षताओं पर छोटे–छोटे समूहों में अभ्यास कराएँ। जैसे : यदि संख्या सम्बंधी**

## समूह में गणित सम्बन्धी गतिविधियाँ

### शाब्दिक सवाल कार्ड



सबसे पहले बच्चों को छोटे–छोटे समूहों में बाँटें और हरेक समूह को एक कार्ड दें। अब यह ध्यान रखें कि दिए गए कार्ड को बच्चे पढ़े और आपस में चर्चा करने के बाद ही सवाल को हल करें। सभी की भागीदारी बराबर हो यह समूह में सुनिश्चित कर लें। अगर बच्चे सवाल जल्दी से हल कर लेते हैं तो कार्ड दूसरे समूह से अदला–बदली कर दें। यह कार्ड हरेक दिन देने हैं



### विज़ुअल कार्ड

हर तीसरे दिन हरेक छोटे समूह में एक कार्ड दें। यहाँ ध्यान रखें कि दिए गए कार्ड को बच्चे पढ़े और आपस में चर्चा करने के बाद ही सवाल के उत्तर लिखें।

### वर्कशीट

प्रत्येक बच्चे को हर दूसरे दिन घर से हल करके लाने के लिए एक वर्कशीट दें। बच्चों को यह भी निर्देश दें कि घर में आप किसी की मदद से भी इसे हल कर सकते हैं लेकिन हल को उनसे समझना भी है। अगले दिन हल करके लाए गए वर्कशीट को छोटे समूह में एक दूसरे से साझा कर लें और तर्क देने के लिए कहें। जिन बच्चों को मदद की ज़रूरत हो उन्हें मदद करने के लिए भी कहें। एक–दो

### पाठ्य पुस्तक

मैनुअल की दक्षता के साथ–साथ समय–समय पर शाब्दिक सवाल कार्ड या वर्कशीट के बदले तीसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तक का इस्तेमाल करें।

### प्रोजेक्ट वर्क

बच्चों को समूह में बाँट कर उन्हें अलग–अलग सप्ताह में विभिन्न प्रकार के कार्य दिए जा सकते हैं। जो बच्चों के द्वारा सहजता से किया जा सके, परन्तु गणित से सम्बन्धित चुनौतियाँ होना ज़रूरी है। जैसे अपने मुहल्ले का मानचित्र बनाना, शादी के ख़र्च का बजट बनाना आदि। यह कार्य समूह में ही करके लाना है। हरेक सप्ताह का दिया गया प्रोजेक्ट कार्य बच्चों द्वारा कक्षा में प्रस्तुत किया जाएगा,

# Let's Learn English

A manual-cum-activity book for teachers of English Language

**Prerna Plus** **2017 - 2018** **Himachal Pradesh**




हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

Pratham
Every Child in School & Learning Well

## Table of Contents


| S. No. | Title | Page No. |
|---|---|---|
| 1 | Overview | Page 3 |
| 2 | Unit 1 – Introduction | Page 4 |
| 3 | Unit 2 – Classroom Administration | Page 6 |
| 4 | Unit 3 – Classroom Instructions | Page 10 |
| 5 | Unit 4 | Page 14 |
| 6 | Unit 4 – Activity 4.1 | Page 16 |
| 7 | Unit 4 – Activity 4.2 | Page 17 |
| 8 | Unit 4 – Activity 4.3 | Page 18 |
| 9 | Unit 4 – Activity 4.4 | Page 19 |
| 10 | Unit 4 – Activity 4.5 | Page 20 |
| 11 | Unit 4 – Activity 4.6 | Page 21 |
| 12 | Unit 4 – Activity 4.7 | Page 22 |
| 13 | Unit 4 – Activity 4.8 | Page 24 |
| 14 | Unit 4 – Activity 4.9 | Page 25 |
| 15 | Unit 4 – Activity 4.10 | Page 26 |
| 16 | Word Flashcards | Page 27 |
| 17 | Dolch Word Lists 1 – 5 | Pages 28 – 29 |
| 18 | Dolch Noun List | Page 30 |
| 19 | Unit 4 – Activity 4.11 | Page 31 |
| 20 | Unit 4 – Activity 4.12 | Page 32 |
| 21 | Unit 4 – Activity 4.13 | Page 33 |

| | | |
|---|---|---|
| 22 | Unit 4 – Activity 4.14 | Page 34 |
| 23 | Word Families | Page 35 |
| 24 | Unit 4 – Activity 4.15 | Page 37 |
| 25 | Unit 4 – Activity 4.16 | Page 38 |
| 26 | Unit 4 – Activity 4.17 | Page 39 |
| 27 | Unit 4 – Activity 4.18 | Page 40 |
| 28 | Unit 4 – Activity 4.19 | Page 40 |
| 29 | Unit 4 – Activity 4.20 | Page 43 |
| 30 | Unit 4 – Activity 4.21 | Page 44 |
| 31 | Unit 4 – Activity 4.22 | Page 45 |
| 32 | Unit 4 – Activity 4.23 | Page 46 |
| 33 | Unit 4 – Activity 4.24 | Page 47 |
| 34 | Unit 5 | Pages 48 - 65 |
| 35 | Unit 6 | Page 66 |
| 36 | Unit 6 – Activity 6.1 | Page 66 |
| 37 | Unit 6 – Activity 6.2 | Page 68 |
| 38 | Unit 6 – Activity 6.3 | Page 70 |
| 39 | Evaluation of Worksheets | Page 72 |
| 40 | Activies for Grades 1 and 2 | Page 73 |
| 41 | Grade-specific Worksheets | Page 75 |
| 42 | Feedback | Pages 76 – 77 |

## Overview

**Let's Learn English** is a manual-cum-resource book for teachers of English language.

It includes the following 6 units:

| | |
|---|---|
| **Unit 1** | ▪ Prerna Plus के अंतर्गत English Programme की मुख्य विशेषतायें क्या है?<br>▪ English Programme में किस प्रकार के teaching learning material (TLM) का प्रयोग होगा? |
| **Unit 2** | ▪ Multi-ability classrooms के लिए lessons किस प्रकार plan किये जाएं?<br>▪ अलग-अलग प्रकार के seating arrangements क्या हैं?<br>▪ Students को pairs या groups में divide करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?<br>▪ Classroom में रोज़ाना की जाने वाली गतिविधियाँ कौन-सी हैं? |
| **Unit 3** | ▪ कुछ simple instructions और expressions जो teachers और students द्वारा classroom में रोज़ाना प्रयोग किये जाने चाहिए \| |
| **Unit 4** | ▪ Baseline Test के आधार पर 'Beginner', 'Letter' और 'Word' levels पर marked students के साथ किस प्रकार का TLM use हो और किस प्रकार की गतिविधियाँ की जाएं? |
| **Unit 5** | ▪ Baseline Test के आधार पर 'Sentence' और 'Story' levels पर marked students के साथ किस प्रकार का TLM use हो और किस प्रकार की गतिविधियाँ की जाएं? |
| **Unit 6** | ▪ Students के English सुनने, समझने और बोलने के कौशल को बढ़ाने के लिए किस प्रकार की गतिविधियाँ की जाएं? |

# Unit 1 – Introduction

## 1) English Programme:

यह programme **Teaching at the Right Level** approach पर आधारित है | इसका मतलब यह है की programme के शुरुआत में एक test के द्वारा सभी students के प्रारंभिक learning levels identify किये जायेंगें और उनके साथ ऐसा material use होगा तथा ऐसी activities organize की जाएँगी जो उनके learning levels के अनुरूप हों और साथ ही उनको अगले learning level में बढ़ने में सहायक हों |

## 2) English Progarmme – Teaching Learning Material (TLM):

इस programme के अंतर्गत English TLM का निर्माण करते time इन बातों का ध्यान रखा गया है:




TLM को लिखने के लिए **2 languages (bilingual)** का प्रयोग किया गया है - English और Hindi. This is been done to teach students the target language (i.e. English) using the language that students are relatively comfortable with and understand better (i.e. Hindi).

## The TLM includes the following items:

<table>
<tr><th colspan="2" rowspan="2">TLM</th><th rowspan="2">Focus Learning Level(s)</th><th colspan="2">Codes as per the Data Recording Format</th></tr>
<tr><th>Section</th><th>Codes</th></tr>
<tr><td colspan="2">i) Letter Flashcards (26 letters * 2 = 52 flashcards)</td><td>▪ Beginner<br>▪ Letter</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">ii) My English Workbook I</td><td>▪ Beginner<br>▪ Letter</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">iii) My English Workbook II</td><td>▪ Word<br>▪ Sentence<br>▪ Story</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="5">iv) Reading Cards</td><td>Level 1</td><td>▪ Word</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Level 2</td><td>▪ Word<br>▪ Sentence</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Level 3</td><td>▪ Sentence</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Level 4</td><td>▪ Story</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Level 5</td><td>▪ Texts for students at an advanced reading level</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">v) Grade-specific Workshe ets</td><td>Grade 3</td><td>▪ 9 worksheets</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Grade 4</td><td>▪ 7 worksheets</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>Grade 5</td><td>▪ 8 worksheets</td><td></td><td></td></tr>
</table>

इनके आलावा कुछ material का निर्माण classroom में teachers और students द्वारा किया जायेगा |

## Note for the teachers:

Let's Learn English में included classroom processes आप किसी भी activity या text पर apply कर सकते हैं |

For instance,

- यहाँ दी गयी activities की help से आप students की ऐसी vocabulary develop कर सकते हैं जो उनकी textbooks में हैं |
- The reading and comprehension methods explained here can be applied to any kind of text.

## Unit 2 – Classroom Administration

### 1) What is a lesson plan?

---

---

### 2) Lesson Plan design करते समय ध्यान दें कि:

i) वह student-centric हो |

ii) वह realistic हो |

iii) वह adaptable हो |

### 3) Focus and Non-focus learning levels:

आमतौर पर आपके classrooms **multi-ability** होते हैं | ऐसी classes में students की learning requirements में अंतर होता है | कुछ गतिविधियाँ ऐसी होती हैं जो आप class के सभी students के साथ organize कर सकते हैं लेकिन कुछ गतिविधियाँ ऐसी होती हैं जो आप किसी एक learning level के students के साथ ही organize कर सकते हैं |

| Focus Learning Level |
|---|
| • वह learning level जिसके साथ आप कोई activity **directly organize करवा रहे हैं** \| |

| Non-focus Learning Level |
|---|
| • वह learning level जिसके साथ आप कोई activity **directly organize नहीं करवा रहे हैं** \| |

जब आप किसी एक learning level के students के साथ काम कर रहे हों (focus learning level), तो यह ध्यान दें कि non-focus learning level के students को उनके learning level के अनुरूप कोई काम दिया गया हो |

### 4) Lesson Plan Template:

| Activity | Learning Level | TLM | Time | Learning Outcome |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

### 5) Individual Work vs. Pair Work vs. Group Work:

Depending on the activity to be done in the classroom, students may be asked to work either independently (i.e. individual work) or with a partner (i.e. pair work) or with 3 – 4 other students (i.e. group work).

While organizing students into pairs or groups, remember:

| | ☑ | ☒ |
|---|---|---|
| **i) Task** | ▪ Suitable for pair / group work | ▪ Suitable for individual work |
| **ii) Size** | ▪ Pair: 2 students per pair<br>▪ Group: 4 – 5 students per group | ▪ Pair: 3 or more students per pair<br>▪ Group: 8 – 10 students per group |
| **iii) Task instructions** | ▪ Explained after pairs or groups have been formed | ▪ Explained before pairs or groups have been formed |
| **iv) Students' roles** | ▪ Clear<br>▪ Ability-specific | ▪ Confusing<br>▪ Overlapping |
| **v) Teacher's supervision** | ▪ Regular<br>▪ Indirect | ▪ No supervision<br>▪ Too much interference |

### 6) Seating Arrangement:

Studies have reported that students' seating arrangement **impacts their learning process**. Where a student chooses to sit in a classroom, may reflect his / her personality. Since seating arrangement **directly effects students' attention span, concentration, comprehension** and **retention of information**, organize your students in a manner that is **most suitable to their learning requirements**.

### Some types of seating arrangements:

| **(i)** | **(ii)** |
|---|---|
|  |  |

| (iii) | (iv) |
|---|---|
|  |  |
| **(v)** | **(vi)** |
|  |  |

## 7) The following activities must be organized in the classroom every day:

| | | |
|---|---|---|
| **Vocabulary development** | ▪ Reading<br>▪ Writing<br>▪ Listening<br>▪ Speaking | प्रतिदिन students के साथ कुछ नये words पर चर्चा करें और साथ ही पहले किये हुए words को revise करें \| |
| **Reading and discussion** | ▪ Reading<br>▪ Writing | प्रतिदिन students को कोई level-appropriate text पढ़वायें और उस text पर discussion करें \| जो students readers नहीं हैं, उनको भी इस अभ्यास में include करें \| |
| **Speaking** | ▪ Listening<br>▪ Speaking | प्रतिदिन students के साथ English को सुनने और समझने और बोलने का अभ्यास करवायें \| Listening और speaking पर आधारित गतिविधियों को करवाते दौरान कोशिश करें कि आप board पर कुछ कम-से-कम लिखें जिससे students पूरी तरह से अपनी listening और speaking skills पर focus कर पायें \| |
| **Workbook** (can be given as homework too) | ▪ Reading<br>▪ Writing | Students के level के आधार पर उनसे workbook की worksheets करवाएं \| |

Word Wall शब्दों का एक collection है जो classroom की walls पर display किया जाता है । इस wall पर students वह English words लिखते हैं जिनके meanings वह जानते हैं या जानना चाहते हैं ।

अपने classroom में Word Wall बनाएं और students को इसमें regularly words लिखने के लिए encourage करें । इस पर आप भी ऐसे words लिख सकते हैं जिनके meanings आप students से पूछना चाहते हों ।









# Unit 3 – Classroom Instructions

नीचे कुछ ऐसे instructions और expressions दिए गए हैं जिनका regular प्रयोग students को इन्हें identify और follow करने में मदद करेगा | यह instructions / expressions अलग-अलग classroom situations के आधार पर दिए गए हैं | कुछ instructions teachers के लिए हैं व कुछ students के लिए हैं |

यह instructions / expressions को use करते समय इस बात पर ध्यान दें कि students किस प्रकार के English words से परिचित हैं और English के कितने लम्बे sentences सुनकर समझ सकते हैं | आप अपने students के level के अनुसार इन instructions को modify भी कर सकते हैं |

## For the teacher

### i) When the class starts:

| | |
|---|---|
| ▪ **Greet students according to the time of the day** | ▪ Good Morning, Good Afternoon, Good Evening, etc. |
| ▪ **Ask students how have they been / how did they spend the past day / weekend / week, etc.** | ▪ How are you all doing today?<br>▪ _____ (any student), what did you do yesterday / on Sunday, etc.) |
| ▪ **Others** | ▪ Is everyone present today?<br>▪ Is your partner absent today?<br>▪ Have you all done your homework? |

### ii) Before and after discussing / teaching a topic:

| | |
|---|---|
| ▪ **Before introducing the topic** | ▪ Today, we will talk about _____.<br>▪ What do you know / have you heard about _____ (the name of the topic to be done in class)?<br>▪ What do you want to know about _____?<br>▪ Do you know what _____ (any new word / phrase introduced within the topic) means?<br>▪ Can you think you some words / sentences related to _____?<br>▪ What do you think will happen here? |

| | |
|---|---|
| ▪ **Summarizing a topic** | ▪ What did you understand / learn today?<br>▪ Do you have any questions about _____ (the topic or its sub-parts)?<br>▪ Let's review the important points. |

### iii) After discussing / explaining an activity:

| | |
|---|---|
| ▪ **After discussing / explaining an activity** | ▪ What did you understand / What did I tell you?<br>▪ Did you not understand any step?<br>▪ Do you require any TLM to perform this activity?<br>▪ Which TLM do you require to perform this activity?<br>▪ Will you perform this activity individually?<br>▪ Do you require a partner / group to perform the activity?<br>▪ In how much time should you finish this activity? |

### iv) When the class ends:

| | |
|---|---|
| ▪ **Greet students according to the time of the day** | ▪ Good Afternoon, Good Evening, etc.<br>▪ See you tomorrow / next week / on Friday, etc. |
| ▪ **Others** | ▪ All right, you may close your books / notebooks, etc. now.<br>▪ Remember to complete your homework. |

### v) While making students listen to, read and write something:

| | |
|---|---|
| ▪ **Listening** | ▪ Everyone, please listen to me.<br>▪ Please take out your books / notebooks / reading cards.<br>▪ Open / close your books / notebooks / reading cards.<br>▪ Do you understand exercise no. _____ on page no. _____?<br>▪ Listen to him / her / _____ (any student's name).<br>▪ Can you read this _____ (word / sentence / paragraph)?<br>▪ Read together / in your groups / silently.<br>▪ Look at me / the board.<br>▪ Open your textbook to page no. _____. |

| | |
|---|---|
| | ▪ Can you find the meaning of _____ from your dictionaries?<br>▪ Does anyone have any questions?<br>▪ What is _____ (any word in L1) called in English?<br>▪ What is _____ (any word in English) called in L1?<br>▪ Please show me your homework.<br>▪ Please repeat after me.<br>▪ Who has completed this exercise? |
| ▪ **Reading** | ▪ Who wants to read this _____ (word / sentence / paragraph / text)?<br>▪ Can you read this _____ (word / sentence / paragraph / text)?<br>▪ Please read this sentence / paragraph together / in your groups / silently.<br>▪ Read properly / loudly / fast / slowly.<br>▪ Stop reading now. Let him / her read.<br>▪ Who has read this sentence / paragraph / text? |
| ▪ **Writing** | ▪ Write this (letter / word/ sentence) on the board / in your notebook.<br>▪ Who can write the spelling of _____?<br>▪ Who can write this letter / word / sentence? |

## vi) General Instructions:

| | |
|---|---|
| ▪ **Grouping students** | ▪ Let's form groups.<br>▪ Please get into your pairs / groups.<br>▪ Please sit with your partners.<br>▪ Does everyone have a partner / group? |
| ▪ **Managing students** | ▪ Keep quite.<br>▪ Are you all ready?<br>▪ Let him / her talk. Do not interrupt.<br>▪ Raise your hands (if you want to say something).<br>▪ Don't speak together, speak one by one.<br>▪ Sit / stand in a circle.<br>▪ Sit / stand in a straight line.<br>▪ Why are you late?<br>▪ Why were you absent yesterday / last Monday?<br>▪ Why haven't you done your homework? |
| ▪ **Complimenting students** | ▪ Well done!<br>▪ Excellent!<br>▪ Keep it up! |

| | |
|---|---|
| | ▪ Let's clap for him / her / them / this group / _____ (any student)<br>▪ You read / wrote / spoke very well today. |
| ▪ **Others** | ▪ Let's go outside the class.<br>▪ Come inside the class.<br>▪ Please open / close the doors / windows.<br>▪ Please turn on / off the lights / fan(s).<br>▪ You have 10 minutes / 1 hour to read this paragraph / complete this activity. |

## For the students

| | |
|---|---|
| ▪ Greet the teacher according to the time of the day | ▪ Good Morning, Good Afternoon, etc. |
| ▪ Ask the teacher / other students how have they been / how did they spend the past day / weekend / week, etc. | ▪ How are you today?<br>▪ _____ (any student), what did you do yesterday / on Sunday, etc.) |
| ▪ Taking permission from the teacher | ▪ May I drink water?<br>▪ May I come in?<br>▪ May I go outside the class?<br>▪ May I go to the toilet?<br>▪ May I borrow a pen / sheet from someone?<br>▪ Could you grant me leave for 1 day / 3 days / 1 week because __________.<br>▪ Please could you help me? |
| ▪ Others | ▪ I want to read.<br>▪ I know the answer to this question.<br>▪ I did not understand this word / this question / this chapter.<br>▪ The answer is _____.<br>▪ The meaning of _____ is _____.<br>▪ I have not done my homework because __________.<br>▪ I was late because __________.<br>▪ I was absent yesterday / last Friday because __________.<br>▪ My partner is absent today.<br>▪ I do not have a partner / group. |

# Unit 4

Unit 4 includes activities that can be organized with students at the following learning levels (according to the results of baseline testing):

| Beginner | Capital Letters | Small Letters | Words | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Read | Understand |
| Yes | – | – | – | – |
| – | Yes | – | – | – |
| – | Yes | Yes | – | – |
| – | Yes | Yes | Yes | – |
| – | Yes | Yes | Yes | Yes |

## The activities in this Unit will help students to:

i) Identify, name and write all 26 letters of the alphabet:
- In uppercase and lowercase
- Serially and randomly

ii) Spell and understand sight words and other words from the Dolch Word List and Dolch Noun List

iii) Identify rhyming scheme in common vocabulary words

iv) Identify and name objects and actions related to their immediate surroundings

## This Unit will make use of the following TLM:

| | | |
|---|---|---|
| i) **Letter Flashcards** | | ▪ 26 letters * 2 = 52 flashcards |
| ii) **My English Workbook I – Comprises 46 worksheets arranged in increasing order of difficulty** | Worksheets 1 – 4 | ▪ Introduction to the 26 letters of the alphabet in uppercase and lowercase |
| | Worksheets 5 – 36 | ▪ Letter-wise worksheets with a revision worksheets after every 4th worksheet.<br>▪ Subsequent revision worksheets also include exercises on letters that have been previously revised |
| | Worksheets 37 – 46 | ▪ Revision worksheets on all 26 letters<br>▪ Introduction to simple vocabulary |

## Note for the teachers:

- **Workbook में दी गयी कोई भी worksheet करवाने से पहले students के साथ इस Unit में दी गयी वह activities करवायें जो उन्हें उस worksheet में दी गयी exercises के लिए तैयार करवायें |**
- Letters को उस order में introduce करना ज़रूरी नहीं होता है जिस order में वह alphabet में introduce किये गए हैं | Letters को ऐसे order में पढ़ाना चाहिए, जिससे students उन letters से meaningful English words बना पाए, जो उनको सिखा दिए गए हों |
- My English Workbook I में letters को इस order में introduce किया गया है[1]:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Set 1** | **C / c** | | **M / m** | **A / a** | **T / t** | |
| **Set 2** | **S / s** | | **R / r** | **I / i** | **P / p** | |
| **Set 3** | **B / b** | | **F / f** | **O / o** | **G / g** | |
| **Set 4** | **H / h** | | **J / j** | **U / u** | **L / l** | |
| **Set 5** | **D / d** | | **W / w** | **E / e** | **N / n** | |
| **Set 6** | **K / k** | **Q / q** | **V / v** | **X / x** | **Y / y** | **Z / z** |

## इस Unit में दी गयी हर activity को 5 भागों में divide किया गया है:

| | |
|---|---|
| **Preparation** | ▪ **<u>Classroom Arrangement:</u>** Activity करवाने के लिए students को class में किस प्रकार से arrange किया जायेगा?<br>▪ **<u>Skills:</u>** Activity करने के दौरान students अपनी किन skills को सुधार पाएंगें?<br>▪ **<u>TLM:</u>** Activity करवाने के लिए किस TLM की आवश्यकता पड़ेगी? |
| **Process** | ▪ Activity करवाने का क्या तरीका है? 'Process' में activity teacher द्वारा demonstrate की जाएगी और students द्वारा observe की जाएगी | |
| **Practice** | ▪ 'Practice' में activity students द्वारा की जाएगी और teacher द्वारा observe की जाएगी | |
| **Outcome** | ▪ Activity करने से students क्या जान पाएंगे | |
| **Remember** | ▪ Activity करवाने के दौरान ध्यान देने वाली बातें | |

[1] Seldin, Tim (2006). "How to Raise an Amazing Child the Montessori Way"

## Activity 4.1

## ★ Preparation:

| Classroom Arrangement | | Skills | TLM |
|---|---|---|---|
| Process | Whole Class | ▪ Listening<br>▪ Speaking<br>▪ Reading<br>▪ Writing | ▪ Letter Flashcards<br>▪ 4 slips of paper (5" x 5") per group |
| Practice | Group | | |

1) Keep the letter flashcards of Set 1's letters on the table.

## ★ Process:

1) Show any letter flashcard from Set 1 to the students.
2) दिखाए जा रहे flashcard के letter को board पर uppercase और lowercase में भी लिखें ।
3) Point to the letter and call out its name (**e.g.** *This is M*).
